दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 19 | सीकर, मंगलवार 17 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# सत्ता और प्रशासन के लोग केवल झूठे वादे कर रहे हैं : रीटा चौधरी

## जिम्मेदारी नहीं निभाई जाती तो इस्तीफा दें : श्रवण चौधरी

## गैस की किल्लत व महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** वर्तमान में देश भर में रसोई गैस की किल्लत और कीमतों में वृद्धि के संबंध में केंद्र की भाजपा सरकार नीतिगत रूप से असफल साबित हुई है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भाजपा की यह सरकार विफल रही है। जनता को कभी नोट बदलने कभी ऑक्सीजन सिलेंडर और अब गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। भाजपा सरकार की इस असफलता के विरोध में आमजन की आवाज उठाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार झुंझुनू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया जिसकी अगुआई जिलाध्यक्ष एवम् मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि सत्ता के लोग सो रहे हैं और देश भर में गृहणियों का चूल्हा जलाना दूभर हो रहा है। सत्ता और प्रशासन के लोग केवल झूठे वादे कर रहे हैं जबकि गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों को लंबी लाइनों में लगने और घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सूरजगढ़ विधायक श्रवण चौधरी ने बीजेपी सरकार के खिलाफ कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जनता ने जिनको चुनकर भेजा है वे अपनी नैतिक जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते अगर जिम्मेदारी नहीं निभा सकते हो तो इस्तीफा दे दो। पिलानी विधायक पितराम काला और उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी ने भाजपा सरकार की नाकामी और असफलता के खिलाफ जनता को आह्वान किया और कहा कि हर मोर्चे पर विफल ऐसी सरकार



को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं। आने वाले चुनावों में इनको जनता जरुर सबक़ सिखायेगी। जिला कलेक्ट्रेट नाम नरेंद्र काम सरेण्डर, संसद से मोदी गायब घर से सिलेंडर गायब और अबकी बार नहीं चाहिए मोदी सरकार के नारों के साथ गुंजायमान हो गया। जिलाध्यक्ष व मंडावा विधायक रीटा चौधरी, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नीतू वर्मा, जिलाध्यक्ष शकुन्तला यादव, शारदा ढाका आदि ने सड़क पर लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाकर विरोध जताया। नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर कांग्रेसियों ने बीजेपी खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### ये हुए शामिल

इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री किशनलाल जैदिया, पीसीसी सदस्य सलीम सिगड़ी, रणजीत चंदेलिया, सुरेन्द्र बेनिवाल, सुरेन्द्र डाबड़ी, राजकुमार ढाका, मानसिंह सहारण, सुभाष शर्मा, महासचिव जगदीश पूनिया, नरेंद्र लामोरिया, श्रवण सैनी, डॉ मुकेश बागड़ी, नरेश खादीवाला, रोहिताश तंवर, सचिव श्रीचन्द झाझड़िया, मनोहर बाकोलिया, विनोद कुल्हरी, प्रवक्ता शहबाज फारूकी, कांग्रेस ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष सन्तोष सैनी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष विजय मील, शिक्षक प्रकोष्ठ धर्मपाल खेदड़, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नवीन सैनी, ओबीसी कांग्रेस झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र डारा, ओबीसी कांग्रेस चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष भांबू, ओबीसी कांग्रेस मलसीसर ब्लॉक अध्यक्ष सुशील जांगिड़, अब्दुल अज़ीज़ कच्छावा, राजीव गोरा, खेतड़ी ब्लॉक अध्यक्ष बलराम, उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद काजला, झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली, अलसीसर ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञपाल, सूरजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष विकास सिंह, पूर्व चेयरमैन नरेश सोनी, मण्डल अध्यक्ष शमशाद सीरियासर, राकेश नयासर, रणजीत तंवर, कुलदीप नैन, शीशराम, शुभकरण, डीपी सैनी सिंघाना, सुनील शर्मा पिलानी, सुभाष स्वामी, शशि भारु, लालचन्द सैनी, ओबीसी विभाग प्रवक्ता मुकेश सैनी, उपाध्यक्ष शीशराम ओला, लक्ष्मण सैनी, महासचिव मो. यूनुस, सचिव गजानंद सैनी, मधु खन्ना महिला कांग्रेस महासचिव, महावीर सिंह खुडाना, अनिल कटेवा बख्तावरपुरा, रामकुमार सिंह बाजला, मो. अयूब बिसाऊ सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन शामिल हुए।

### इन्होंने किया संबोधित

धरने को गिडानिया ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर महला, मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष किरोड़ीमल पायल, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष संजय सैनी, बुहाना ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सिंह यादव, पूर्व प्रधान शेरसिंह व निहाल सिंह रणवा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सुण्डा, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव नीतू वर्मा व जिलाध्यक्ष शकुन्तला यादव, गोकुल चंद सैनी खेतड़ी, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमर सिंह धीरज, एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रतन मीणा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, राजकुमार राठी, ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सन्तोष सैनी, केप्टन मोहनलाल, रविदत्त गुरु, ओबीसी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवीदत्त भार्गव आदि ने संबोधित किया।

# सीएम योगी बोले-जौहर राजस्थान की परंपरा

## बंदरों को हाथ से खाना खिलाया, कहा- इनकी तरह लोभ से बचना भी साधना



**जालोर।** जालोर की कनकांचल पहाड़ी पर स्थित सिरे मंदिर में रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को महायज्ञ हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति देकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जौहर राजस्थान की परंपरा का तेज है, जिसने वीरां नाओं के आत्मसम्मान और बलिदान की गौरवगाथा को अमर किया। योगी ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी को अद्भुत बताते हुए कहा - महाराजा मानसिंह ने शिलालेखों के माध्यम से यहां के इतिहास को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया। मंदिर पहुंचने से पहले रास्ते में योगी ने बंदरों को खाना खिलाया। इसका जिक्र करते हुए कहा- बंदरों की तरह से लोभ से बचना भी साधना है।

### जौहर राजस्थान की परंपरा का तेज

योगी ने कहा कि जौहर राजस्थान की परंपरा का तेज है। इसमें राजस्थान की वीरांगनाओं के तेज से शत्रु को जलाने और दुश्मन को परास्त करने का सामर्थ्य हासिल किया गया। अलाउद्दीन खिलजी के समय चित्तौड़गढ़ में महारानी पद्मिनी ने वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था।

### जालोर में भी दिखी जौहर की परंपरा

उन्होंने कहा कि जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी के समय और उसके बाद भी जौहर की परंपरा देखने को मिली है। यह परंपरा वीरों और वीरांगनाओं के बलिदान से बनी है। यह अन्नदाताओं के परिश्रम और कारीगरों की उद्यमिता का परिणाम भी है।

# दो साल में पैसा दोगुना, साथ में स्कॉर्पियो और विदेश की सैर का लालच देते 5 गिरफ्तार

## दुबई बेस्ड कंपनी के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़, 11 लग्जरी गाड़ियां, 15 मोबाइल, 3 लैपटॉप जब्त





हर्ष सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। झुंझुनू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिंघाना कस्बे में दुबई आधारित प्रतिबंधित चिटफंड कंपनी क्रोमेटा के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कंपनी के 5 प्रमुख प्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया है। मौके से 11 लग्जरी गाड़ियां, 15 मोबाइल फोन और 3 लैपटॉप जब्त किए गए हैं। यह गिरोह लोगों को दो साल में पैसा दोगुना करने तथा स्कॉर्पियो, मर्सिडीज, फॉर्च्यूनर, दुबई में फ्लैट और विदेशी टूर जैसे आकर्षक इनामों का लालच देकर निवेश के नाम पर ठगी की योजना चला रहा था।

### मैरिज गार्डन में सेमिनार कर दे रहे थे झांसा

पुलिस के अनुसार 15 मार्च को सिंघाना कस्बे के कृष्णा मैरिज गार्डन में क्रोमेटा कंपनी की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें स्थानीय लोगों को निवेश के लिए आकर्षित करने के उद्देश्य से नई स्कॉर्पियो गाड़ी इनाम में देने का प्रचार किया जा रहा था। कंपनी के प्रतिनिधि निवेश करने पर कम समय में रकम दोगुनी होने और कई तरह के रिवार्ड व बोनस देने का झांसा देकर लोगों से पैसे जमा करवा रहे थे।

### किसी भी सरकारी संस्था में पंजीकृत नहीं

जांच में सामने आया कि यह चिटफंड कंपनी भारत सरकार, राज्य सरकार, सेबी, आरबीआई या एमसीए सहित किसी भी सक्षम प्राधिकरण में पंजीकृत नहीं है। कंपनी दुबई में पंजीकरण का दावा कर लोगों को भरोसे में लेती थी और यूएसडीटी क्रिप्टो में निवेश कराने के नाम पर धन एकत्रित कर रही थी। प्रारंभ में निवेशकों के मूलधन से ही कुछ राशि ब्याज या बोनस के रूप में देकर भरोसा दिलाया जाता था, जबकि बाद में पैसा समेटकर फरार होने की योजना रहती थी।

### समय रहते कार्रवाई से बड़ी ठगी टली

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आम लोगों के साथ होने वाली करोड़ों रुपये की संभावित ठगी को रोका जा सका। मामले में प्रकरण दर्ज कर बुहाना डीवाईएसपी नोपाराम भाकर के नेतृत्व में जांच की जा रही है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने ख्यालीराम सैनी बबाई झुंझुनू, मुकेश कुमार झुंझुनू, नरेंद्र निवासी मोहाली पंजाब, गंगा शर्मा डेरा बस्सी पंजाब और राकेश कुमार ढाणा सिंघाना को गिरफ्तार किया।

### 11 लग्जरी वाहन सहित कई सामान जब्त

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मर्सिडीज, फॉर्च्यूनर, स्कॉर्पियो, बोलेरो, डस्टर, क्रेटा, एक्सयूवी सहित कुल 11 वाहन, 15 मोबाइल फोन और 3 लैपटॉप जब्त किए।

### कई थानों की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन और बुहाना डिप्टी नोपाराम भाकर के नेतृत्व में सिंघाना, बुहाना, पचेरी कलां थाना पुलिस तथा डीएसटी टीम के संयुक्त अभियान में की गई।


# ढूकिया हॉस्पिटल में सुंदर लाल का मा योजना के तहत निःशुल्क हुआ कूल्हा प्रत्यारोपण

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की मा योजना सहित विभिन्न केसलेश योजनाओं से एनपेनल्ड जिला मुख्यालय के मंडावा रोड स्थित ढूकिया हॉस्पिटल में सुंदर लाल के कूल्हे का ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क कैसलेश किया गया। सुंदर लाल की पत्नी सुनीता ने बताया कि मेरा पति दो साल से बहुत परेशान थे। बहुत दर्द था चलने फिरने में दो साल से घर बैठे थे कोई आय का जरिया भी नहीं है इसलिए हम ओर अधिक परेशान थे अब 11 मार्च को ढूकिया हॉस्पिटल में मा योजना में कैशलेश ऑपरेशन हुआ है। ऑपरेशन ढूकिया हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ रामनिवास स्वर्णकार की टीम द्वारा सुन्दरलाल का कूल्हा प्रत्यारोपण कर दर्द भरी जिंदगी से राहत दिलाई। ऑपरेशन के बाद सुंदर लाल अपनी पत्नी सुनीता के साथ खुशी से चहल कदमी करते नजर आए। डॉ रामनिवास स्वर्णकार ने बताया कि कूल्हा प्रत्यारोपण कूल्हे की हड्डी टूटने के बाद होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने की प्रभावी सर्जिकल प्रक्रिया है । यही प्रक्रिया घुटनों के दर्द में भी अपनाई जाती है। ढूकिया हॉस्पिटल की डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में मा योजना के साथ ही आरजीएचएस ईसीएचएस, ईएसआईसी के कैशलेश ईलाज की सुविधा सभी ब्रांच में उपलब्ध हैं। अस्पताल में न्यूरो विशेषज्ञ, यूरो विशेषज्ञ, ऑर्थो स्पेशलिस्ट, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, एमडी मेडिसीन सहित सभी ब्रांच में 24 गुणा 7 सेवाएं उपलब्ध हैं साथ ही इन हाउस सीटी स्कैन और सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है।



## कोबरी-सार




# वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के फाउंडर इंजी प्यारेलाल ढूकिया ने सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन का महत्वपूर्ण दिन है एवं आप लोगों ने डॉक्टर व इंजीनियर बनने का जो सपना देखा है, वो निश्चित रूप से पूरा होगा। ये कॉचिंग इंस्टीट्यूट सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि आपके सपनों की प्रयोगशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने तथा मजबूत कॉन्सेप्ट पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के को-फाउंडर इंजी. पीयूष ढूकिया ने विद्यार्थियों को नई सोच और आधुनिक तकनीक के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसी क्रम में सेंटर हेड डॉ. शिखा सहाय तथा एडमिन हेड जितेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों को अपना परिचय देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासन तथा नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# जिला सतर्कता यूनिट के सभी अधिकारी गैस एजेंसियों की करें जांच : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान, 20 सूत्री व आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, फ्लैगशिप योजनाओं, संपर्क पोर्टल, एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था, चूरू महोत्सव-2026 के आयोजन सहित गतिविधियों, कार्यक्रमों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।



### एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में सभी उपखंड क्षेत्रों में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लेते हुए कहा कि आमजन को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए। जिले में सभी तहसीलदार, प्रवर्तन निरीक्षक व थानाधिकारी की जिला सतर्कता यूनिट द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र में संचालित सभी गैस एजेंसियों का निरीक्षण करें तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं।

### गर्मियों से पहले आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पेयजल आपूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभागीय स्तर पर समुचित तैयारी रखी जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पेयजल आपूर्ति को लेकर उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो तथा नहरबंदी के दौरान वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान पर चर्चा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति हेतु जल स्रोतों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए तथा आपूर्ति व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक तौर पर टैंकर आदि की व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम किया जाए। सभी उपखंड अधिकारी विशेष रूप से जनसुनवाई व रात्रि चौपाल तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों की स्थितियों का जायजा लेते हुए समुचित प्रबंधन करें।

सभी नगर निकाय अधिकारियों से कहा कि नाला-नाली सफाई कार्य 15 अप्रैल से पहले पूर्ण करें और सीवरेज, ड्रेनेज लीकेज व अवरूद्ध हो तो तुरंत दुरूस्त करवाएं। बरसात के दौरान पानी भराव जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए अभी से ही मोटर, पंप सेट आदि के टेंडर आदि की कार्यवाही पूर्ण करें।

### कानून व सुरक्षा व्यवस्था रहे मुस्तैद

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी समय में गणगौर, रामनवमी, ईद जैसे पर्वों पर सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के बारे में प्रशासन मुस्तैद रहे तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ शांति समिति आदि की बैठकें समयबद्ध ढंग से आयोजित हो जाएं।

### फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

जिला कलक्टर ने बैठक में 20 सूत्री कार्यक्रम तथा आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाए। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए सभी इंडीकेटर्स पर प्रभावी कार्ययोजना के साथ लक्ष्य प्राप्ति की बात कही। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विभागीय स्तर पर समुचित प्रयास किए जाएं। उन्होंने पीएम कृषि सिंचाई योजना, आरडीएसएस, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम आवास योजना, एसबीएम सहित योजनाओं की समीक्षा की।

### चूरू महोत्सव के आयोजन को लेकर सौंपे दायित्व

इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे और समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान और लोक परंपराओं को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करने अवसर है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन करें। आमजन की अधिकाधिक भागीदारी के लिए अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए और सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। एडीएम अर्पिता सोनी ने राजस्थान को जानें डिजीटल क्विज में अधिकाधिक भागीदारी करने तथा चूरू महोत्सव में समुचित भागीदारी निभाने की बात कही। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ भागचंद खारिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

### संपर्क पोर्टल सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में असंतुष्टि वाले प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी तेजी लाएं तथा एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करें। परिवादों के निस्तारण में गुणवत्तापूर्ण समाधान का विशेष ध्यान रखें। अधिकारी देखें कि प्रथम स्तर से उच्च स्तर पर शिकायतों का अंतरण न्यूनतम रहे, प्राथमिक स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन पूर्ण करें तथा समुचित निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें। इस अवसर पर उन्होंने पेंशन व पालनहार के वेरिफिकेशन पूरे करने, महानरेगा योजना अंतर्गत मस्टरोल जारी करने व लेबर इंगेज बढ़ाने, सभी प्रभारी अधिकारियों को पीएमश्री स्कूलों की विजिट कर व्यवस्थाएं देखने और पैरामीटरों पर प्रभावी कार्य करने, डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के पूर्ण मरम्मत कार्यों के बिल भुगतान हेतु भिजवाने, पीएम कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत लक्ष्य पूरे करने, एसबीएम ग्रामीण व शहरी तथा एमजेएसए 2.0 में कार्य पूर्ण करने, ट्रांसमिशन लाइनों के प्रकरण निस्तारित करने, फसल कटाई प्रयोग, जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रकरणों, बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व क्रियान्विति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी फसल कटाई व गिरदावरी कार्य की समुचित मॉनीटरिंग करें। इसके लिए कृषि अधिकारियों, राजस्व टीम का समुचित समन्वय रहे।

---

## गणगौर उत्सव की धूम

### महिलाओं ने किया सामूहिक नृत्य



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** घुड़ले रो बांध्यो सूत, घुड़लो घूमे लो जी घूमे लो जेसे पारम्परिक गीतों के साथ कस्बे में नवविवाहिताओ व बालिकाओ द्वारा गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर मोहल्ले में घर घर पर बालिकाओ द्वारा समूह के रूप में गणगौर की पूजा की जा रही है व शाम को गणगौर महोत्सव मनाया जा रहा है इस अवसर पर पट्टी पेड़ा रोड़ में बालिकाओं द्वारा सजधज कर ढोल पर नाचते गाते हुवे उत्साह व आस्था के साथ गवर व ईश्वर को साथ लिए घुड़ला घुमाया गया व पारम्परिक गीत गाये गए व बनोरा निकाला। इस मौके पर मोहलेवासियो ने गवरजा व ईश्वरजी के खोल भराई गई व प्रसाद चढ़ाया गया व गवर को पानी पिलाने की रस्म पूरी की गई। इस मौके पर कंचनदेवी तोषनीवाल, कविता तोषनीवाल, मोनिका राठी, राजा कोठरी, वर्षा पारीक, अंकिता राठी, अनुश्री महेश्वरी, अंजली चांडक, प्रिया झवर, राधिका राठी, शिवानी चांडक, कृतिका तोषनीवाल, राधिका चांडक, खुशी राठी, खुशबू राठी, खुशबू पारीक, ज्योती पंचारिया, ऐश्वर्या चांडक, निशा जोशी, पूजा महेश्वरी, लक्ष्मी जोशी, देवांशी कोठरी सहित मोहल्ले की बालिकाएं व महिलाए उपस्थित रही।

## वार्डों के पुनर्गठन में भारी धांधली का आरोप

### नगर कांग्रेस ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका सिंघाना में वार्डों के पुनर्गठन और सीमांकन की प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई है। सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी, सिंघाना के अध्यक्ष डीपी सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वार्ड गठन में गंभीर अनियमितताओं और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया है। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डीपी सैनी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की अवहेलना करते हुए वार्डों का विभाजन किया गया है। शिकायत में बताया गया कि कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या 200 से भी कम रखी गई है जबकि कई वार्डों में यह संख्या 1100 से अधिक पहुंच गई है। नगर कांग्रेस का आरोप है कि यह स्थिति वार्डों के संतुलित और न्यायसंगत गठन के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विपरीत है।

### प्रमुख आपत्तियां

जनसंख्या में भारी अंतर- 18 सितंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित जनसंख्या आंकड़ों और वर्तमान ड्राफ्ट सूची में दर्शाई गई जनसंख्या के बीच बड़ा अंतर बताया गया है। भौगोलिक विसंगति- वार्ड संख्या 21, 22, 24 और 30 में भौगोलिक सीमा से बाहर के मतदाताओं को अनुचित तरीके से शामिल करने का आरोप लगाया गया है। सड़कों का गलत विभाजन- एनएच-11 और बुहाना रोड के दोनों ओर के क्षेत्रों को वार्ड संख्या 16, 18, 21, 25, 30 और 31 में जिस प्रकार विभाजित किया गया है, उसे नियमों के विरुद्ध बताया गया है।

### ड्राफ्ट सूची निरस्त करने की मांग

नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि इन विसंगतियों को देखते हुए वर्तमान ड्राफ्ट सूची को तुरंत निरस्त कर नियमों के अनुरूप पुनः वार्डों का गठन किया जाए ताकि सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या संतुलित रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से संचालित हो सके। नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीपी सैनी ने कहा की है कि वर्तमान दोषपूर्ण ड्राफ्ट सूची को तुरंत निरस्त किया जाए और नियमों के अनुसार पुनः परिसीमन कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन त्रुटियों को ठीक नहीं किया गया तो हमे मजबूरन बड़ा जनांदोलन करना पड़ेगा। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डीपी सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, मैक्स नायक, घीसाराम मीणा, महावीर सैनी, रणजीत सैनी, रविदत्त गुरु, विकास, विक्रम सिंह, राजू गराटी मानाराम, विशाल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## भारतीय पोस्टल पेंशनर्स संघ का होली सनेह मिलन समारोह आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय पोस्टल पेंशनर्स संघ राजस्थान की झुंझुनू इकाई का होली स्नेह मिलन समारोह पेंशन समाज कल्याण भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरी शंकर कुमावत थे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि साधु राम सैनी, संतोष शर्मा, पीडी रैगर, भोलाराम गुर्जर, ओमप्रकाश शर्मा एवं श्याम लाल कौशिक थे। प्रारम्भ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सभी ने रिटायर्ड डाक कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की एवं आठवें वेतन आयोग के समक्ष अपनी मांगों का एक मांग पत्र तैयार कर सरकार के सामने रखने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में 80 वर्ष एवं 70 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के साधुराम सैनी, बजरंग लाल सोनी, ओमप्रकाश शर्मा, ओंकारमल शर्मा का प्रतीक चिह्न देकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र कालेर, सूरजभान चेजारा, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेन्द्र सोयल, ओंकार मल शर्मा, महेश रावत, बजरंग लाल सोनी, सुरेन्द्र पोरवाल, संतोष शर्मा, कैलाश झाझड़िया, केशर देव जांगिड़, जेपी मीणा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अल्पाहार की व्यवस्था साधुराम सैनी की तरफ से की गई। अंत में संघ के जिलाअध्यक्ष भोलाराम गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव सुरेंद्र पोरवाल ने किया।

## अमृत वाटिका में किया श्रमदान



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएम श्री बाबा छोटूनाथ जी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन विद्यालय परिसर में बनी अमृत वाटिका में श्रमदान का कार्य किया। उसके पश्चात कार्यक्रम प्रभारी मनोज प्रजापत के नेतृत्व में राजकीय बागड़ी महाविधालय का दौरा किया वहाँ पर कार्यवाहक प्राचार्य रणवीर सिंह व एनएसएस यूनिट द्वितीय के प्रभारी नरेंद्र बैरवा ने महाविद्यालय के पुस्तकालय, विज्ञान लैब आदि के बारे में बताया। डिजिटल साक्षरता के बारे में जागरूकता संबंधी विभिन्न विषयों पर सहायक आचार्य नरेंद बैरवा, महेश गोदारा आदि में एनएसएस स्वंयसेवको के समक्ष रखे। इस दौरान सह प्रभारी सुरेश डेलू भी साथ में रहे।

## राजस्थान इतिहास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेठ मोतीलाल टीचर्स एजुकेशन कॉलेज में सोमवार को राजस्थान दिवस पर राजस्थान इतिहास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था सचिव के आदेश पर बच्चों का ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की गई। संस्था प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने राजस्थान दिवस पर विभाग की पहल का स्वागत किया गया। पण्डित दीनदयाल उपा. शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था के पारिवारिक सदस्य लक्ष्मीकांत झुंझुनूवाला के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ नरेश धींवा, सुशील कुमार शर्मा, डा. रेणु शेखावत, डा. महेश कुमार, डा. सुषमा शर्मा, इन्द्र कुमार शर्मा व धर्मवीर योगी उपस्थित रहे।

### विशेष सक्षम लोगों के लिए नालसा स्कीम के बारे में दी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पी एल वी विजय पाल श्योराण ने नालसा स्कीम फॉर स्पेशली एब्ल्ड पर्सन्स, बाल विवाह रोकथाम, स्थाई लोक अदालत आदि के बारे में घंटाघर, स्टेशन रोड पर 5-6 जगह लोगों को इकट्ठा कर जानकारी दी। मंगलवार को अधिकार मित्र विजय पाल द्वारा पंचायत समिति सुजानगढ़ व उसके आस पास में ट्रांसफार्मिंग टयूजडे थीम के अनुसार विभिन्न जन जागरूकता और विधिक जानकारी हेतु नियमित साप्ताहिक अभियान सुबह 8 बजे से 1 बजे तक चलाया जायेगा।

## पुरानी सड़क बिना तोड़े गौरव पथ का निर्माण शुरू करने पर जताया विरोध

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बबाई बाईपास से कस्बे के अन्दर से तक बनाए जाने वाले गौरव पथ के निर्माण कार्य को लेकर विरोध शुरू हो गया। पुरानी सड़क तोड़ने की बजाय सड़क पर सड़क बनाने पर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को बंद करवा दिया तथा नियमानुसार सड़क का निर्माण कार्य करवाने की मांग की है। विधायक द्वारा स्वीकृत गौरव पथ को पीडब्लूडी एजेंसी के माध्यम से ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही है। गौरव पथ खेतडी बाईपास से रामेश्वर ठेकेदार के मकान तक 2करोड 30लाख रुपयें की स्वीकृत राशि से डामर व सीसी रोड को उखाड कर बनाई गई। लेकिन निर्मल जोशी के मकान से आगे पुरानी सीसी रोड को बिना उखाडे ही उसी पर दुबारा सीसी रोड बनाई जा रही है। ग्रामीणों को जानकारी मिलनें पर मौके पर सैकडों ग्रामीण इकठ्ठे हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने पुरानी सड़क को तोड़कर निर्माण कार्य करवाने पर काम शुरू होने देने पर अड़ गए। घटना की सूचना पर ठेकेदार महेन्द्र सिंह व जेईएन पीडब्लूडी अमित कुमार मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टीमेट के अनुसार ही निर्माण कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नौरंगलाल सैनी, फूलचंद सैनी, महेन्द्र तून्दवाल, मिठ्ठू सिराधना, कैलाश चंद्र सैनी, मोहनलाल, मनोज सेन, असलम, सुशील, ओमप्रकाश, इंद्रकुमार सांवतिया, नन्नू कुरेशी, शंकरलाल मिश्रा, गणेश सेन, राजेन्द्र, निर्मल, रामस्वरूप सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गणगौर उत्सव

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शहर के लेडीज मार्केट स्थित वार्ड नंबर 13 में श्री ठाकुर जी पुरानिया मंदिर परिसर में जागृति महिला मंच के तत्वावधान में पारंपरिक गणगौर उत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर गणगौर माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में स्थापित गणगौर प्रतिमा के समक्ष महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की और गणगौर को पानी पिलाने के लिए राज वाले कुए पर ले गए जहां पानी पिलाने की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान के समक्ष नमन कर दांपत्य जीवन की खुशहाली और परिवार की उन्नति की कामना की। हिलाओं ने बताया कि गणगौर राजस्थान का प्रमुख और आस्था से जुड़ा त्योहार है, जिसे विशेष रूप से महिलाएं बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाती हैं। इस दिन महिलाएं माता गणगौर की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु, सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं करती हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर गणगौर माता की स्तुति की और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। जागृति महिला मंच की संरक्षक देवी प्रमिला सोनी ने बताया कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि गणगौर जैसे पर्व हमारी संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें मिल-जुलकर मनाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम का आयोजन जागृति महिला मंच की संरक्षक प्रमिला सोनी, संगीता भोजक, संतोष शर्मा, सुमित्रा सोनी, अंजना भोजक, राधा सारस्वत, सुनीता अत्रि, अनु स्वामी, रेशमा स्वामी, गायत्री भोजक, डिंपल भोजक, सुनीता सोनी, सायर भोजक, रेखा भोजक, मोनिकाए संजू, भारती, सरोज एवं ग्रुप की अन्य महिलाएं सहित बड़ी संख्या में मंच की सदस्याओं के सहयोग से किया गया। इस दौरान मंच से जुड़ी अनेक महिलाएं मौजूद रही और सभी ने मिलकर श्रद्धा व उत्साह के साथ गणगौर उत्सव मनाया।

## इंटरनेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में झुंझुनू की सहभागिता



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में नेशनल एडवेंचर इंस्टीट्यूट पंचमढी, मध्यप्रदेश पर इंटरनेशनल एडवेंचर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में श्रीलंका से 7 सदस्य भारत वर्ष से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से 158 सदस्यों ने सहभागिता की। राजस्थान स्टेट से वाईलेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत 21 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें झुंझुनू जिले से सहायक लीडर ट्रेनर विजय कुमार गर्वा, स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय खेतड़ी, झुंझुनू के सीनियर रोवर मेट हर्ष सैनी और रोवर महिपाल ने भाग लिया। इंटरनेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में गन शूटिंग, आर्चरी, पत्थरचट्टा ट्रैकिंग, बंसी बिहार ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंमिंग, रैपलिंग, जेट स्काई, पैरा सीलिंग, साइकिलिंग, जिपलाइन, मंकी क्रोलिंग जैसी गतिविधियां आयोजित हुई। गुप्तेश्वर महादेव, जटाशंकर महादेव, राजेंद्र गिरी, पांडव केव, राजेंद्र गिरी आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। झुंझुनू के तीन सदस्यीय दल ने कैम्प के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। झुंझुनू जिले से सहभागिता करने वाले तीनों कार्यकर्ताओं का झुंझुनू आगमन पर सीओ स्काउट महेश कालावत के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया।

## भव सागर में तरण को पुस्तक का विमोचन 19 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 19 मार्च गुरुवार को सतीश गौतम द्वारा रचित पुस्तक श्भव सागर में तरण को का विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम झालाना सांस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में सायं 4 बजे होगा। समारोह की अध्यक्षता सुख सागर आश्रम, सांभर के संत योगी रमणनाथ करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल आचार्य उपस्थित रहेंगे। धर्म, साहित्य और कला जगत के प्रमुख विभूतियों की उपस्थिति में पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा भी की जाएगी। सतीश गौतम की यह कृति उनके द्वारा जीवन में लगभग 25 वर्षों तक हरिद्वार से इच्छापुरी, रेवाड़ी के शिव मंदिर तक नियमित रूप से प्रतिवर्ष श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के अनुभव के साथ गहरे जीवन दर्शन और मानवीय संवेदनाओं को समेटे हुए है। पुस्तक का शीर्षक श्भव सागर में तरण को आध्यात्मिक और सामाजिक यात्रा का संकेत देता है, जो पाठक को आत्म-चिंतन की ओर प्रेरित करती है।

# पूर्व मंत्री शर्मा का होली स्नेह मिलन आयोजित



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के परसरामपुरा में शास्त्री फार्म हाउस में होली स्नेह मिलन आयोजित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने हजारों लोगों से मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दी। होली स्नेह मिलन के दौरान फाल्गुन की धमाल और राजस्थानी गीतों से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अनेक कलाकारों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे थे। चारों तरफ होली की मस्ती, मिलन और अपनत्व का माहौल दिखाई दिया। युवा विकास मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रसाद ग्रहण करवाया गया। 2023 चुनावों के बाद पहली बार पूर्व विधायक शर्मा के होली स्नेह समारोह में लोगों की भीड़ देखी गई। समारोह में विधान सभा के हजारों लोग शामिल होकर पूर्व विधायक राजकुमार शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याएं भी शेयर की इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने साफा ओर पुष्प मालाएं पहनाकर शर्मा किस जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर समारोह के दौरान पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा पिछले ढाई साल में क्षेत्र की जनता परेशान और लाचार बनी हुई है, कानून व्यस्था पूरी तरह चौपट बन गई है पानी के लिए रोज लोग मटकी फोड़ विरोध कर रहे है। चिकित्सा को लेकर भी विरोधियों पर गंभीर सवाल उठाए। बदराना जोहड़ को लेकर प्रहार किया बोले वो बदराना जोहड़ वही है मैने जनता की सुख सुविधा को लेकर हाईटेक हॉस्पिटल बनाने का सपना लिया था मगर आज हालात काफी खराब हो गए पूरी विधान सभा में कानून व्यस्था काफी खराब है। मैने 15 साल तक विकास का एक पौधा लगाया था जो अब मुरझा गया है। लोगों के बीच एक ऐसा प्यार का गुलदस्ता सजाया था जहां आज भाई से भाई को लड़वाने का काम किया जा रहा है। हमें अब जनता के हित के लिए सड़कों पर उतरना होगा। समारोह में हजारों लोगों के साथ अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# 86 वर्षीय चौरड़िया की मौत, लेकिन आंखे रहेगी जिन्दा

## नेत्रदान का साहसिक निर्णय बना प्रेरणा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नैत्रदान को लेकर लायन्स क्लब द्वारा लगतार फैलाई जा रही जागरूकता के सकारात्मक परिणाम सामने अने लगे हैं। सुजानगढ़ निवासी 86 वर्षीय भींवराज चौरड़िया पुत्र स्वर्गीय करणीदान चौरड़िया का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन के पश्चात उनके परिवारजनों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वप्रेरणा से उनकी दोनों आंखें नेत्रदान कर समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लायंस क्लब सुजानगढ़ के अध्यक्ष लायन प्रशांत पारीक ने बताया कि स्व. भींवराज चौरड़िया के पुत्र रूपचंद चौरड़िया और संजय चौरड़िया ने अपने पिता की आंखें दान करने का सराहनीय और साहसिक निर्णय लिया। नेत्रदान की प्रक्रिया सरदारशहर आई बैंक के दिनेश शर्मा, भंवरलाल प्रजापत, नेत्रदान समन्वयक गणेशदास स्वामी, समाजसेवी श्याम सुंदर स्वर्णकार एवं लायंस क्लब के प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी सुभाष चोपड़ा सुजानगढ़ द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न करवाई गई। लायंस क्लब सुजानगढ़ के जोन चेयरपर्सन एमजेएफलॉयन कमल तापड़िया एवं डायरेक्टर लॉयन कमला सिंघी ने चौरड़िया के परिवार के इस महान निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नेक कार्य समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला और अत्यंत प्रेरणादायी उदाहरण है और भविष्य में और लोगों को भी नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। स्व. भींवराज चौरड़िया अपने पीछे पुत्र रूपचंद चौरड़िया, संजय चौरड़िया तथा पुत्रियां विनीता, सविता और सीमा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# उल्लेखनीय कार्य करने पर पांच महिलाओं को मिला श्रेष्ठा 2026 अवार्ड




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला शक्ति को श्रेष्ठा 2026 सम्मान से नवाजा गया है। एमजेएफलॉयन कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशान्त पारीक ने बतया कि ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा को भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया है। शर्मा ने अपनी साधना और प्रतिभा से ध्रुपद जैसी प्राचीन और गूढ़ संगीत परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। देश-विदेश में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्होंने भारतीय संस्कृति और संगीत की गरिमा को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी को सक्रिय जनसेवा, ग्राम पंचायत के विकास, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर प्रेरणास्पद कार्य करने पर सम्मानित किया गया। महिलाओं को आगे बढ़ाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास सविता राठी कर रही हैं। इसी प्रकार साहित्यकार साधना प्रधान सुजानगढ़ की एक सम्मानित और सक्रिय समाजसेवी महिला हैं, जो सामाजिक कार्यों और जनसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता के कार्यों में लगातार सक्रिय रहने पर उन्हें सम्मानित किया गया। योग विशेषज्ञ अंजनी सैन, श्रद्धा सैन को योग से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर सम्मानित किया गया है। माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित सम्मान समारोह में क्लब के अनेक सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर धरना देकर किया प्रदर्शन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधायक नरेंद्र बुडानिया के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय के आगे धरना देकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में चल रही पेयजल समस्या को लेकर सरकार व जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारे लगाए व इसके बाद पेयजल समस्या पर नाराजगी जताते हुए कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने विधायक बुडानिया के नेतृत्व में जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश जांगिड़ को ज्ञापन देकर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में सुधार करने व नहरबंदी के दौरान पेयजल के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से विधायक बुडानिया ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था बहुत खराब चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह 7-7 दिनों के अन्तराल में व अन्तिम छोर के गांवों में बिल्कुल ही पानी नहीं पहुंच रहा है। शहरी क्षेत्र में भी दो दिन के अन्तराल में पेयजल सप्लाई दी जा रही है। पूरे क्षेत्र में पेयजल की किल्लत है। पानी के लिए जनता में त्राही त्राही मची हुई है। 20 मार्च से 2 महीने के लिए नहरबंदी हो रही है। अगर नहरबंदी से पूर्व पानी का भंडारण नहीं हुआ तो पूरे क्षेत्र में हालात बिगड़ जायेगें। आमजन व आवारा पशु, जीव-जन्तु पानी की कमी से प्यासे मर रहें हैं। स्थिति बहुत भयाभव हो गयी है, पूरे क्षेत्र में टैंकर माफिया पनप गये है। आम गरीब व्यक्ति 1000-1500 रू. देकर टैंकरों से पानी खरीद रहे है। टैंकरों के पास पानी कहां से आता है, अगर टैंकरों को दिया जाने वाला पानी पाइप लाइन से दिया जावे तो आम व्यक्ति को सस्ते में पानी उपलब्ध हो सकता है। विधायक बुडानिया ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन में अगर पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस की ओर से एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस मौके पर संजय कस्वा, हरिसिंह बेनिवाल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांडिया, वेदप्रकाश सहारण, मोहरसिंह ज्याणी, विमला कालवा, भागीरथ भामी, दौलत मेघवाल, जुगलाल बरवड़, भंवरू खां, सहदेव भाटी, मोहरसिंह धाणक, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, मुंशी खां, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, योगेश वर्मा, आसिफ चौहान, राकेश शर्मा, राजवीर पूनिया, जयसिंह कुकणा, विकास धेतरवाल, रामनिवास, रामस्वरूप झाझड़िया, पप्पू गोस्वामी, अदरीश सैय्यद, बूंदे खां, हनुमानसिंह, शीशपाल धीनवाल, किस्तूर फौजी, सरीफ लुहार, गोविन्द थालोड़, प्रकाश खैरवा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जयपुर में निसान का नया 3 एस सेंटर हुआ शुरू




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एनएमआईपीएल ने जयपुर में नए अत्याधुनिक नमो निसान 3एस सेंटर की शुरुआत कर राजस्थान में अपना नेटवर्क विस्तार किया है। इस केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। करीब 2100 वर्ग फीट क्षेत्र में बने आधुनिक शोरूम में चार कारों की डिस्प्ले की व्यवस्था है, जबकि लगभग 5000 वर्ग फीट में तीन सर्विस बे के साथ सर्विस वर्कशॉप स्थापित की गई है। निसान के ग्लोबल रिटेल स्टैंडर्ड के अनुरूप तैयार इस आउटलेट में प्रशिक्षित स्टाफ और सर्विस प्रोफेशनल्स ग्राहकों को बेहतर ऑनरशिप एक्सपीरियंस देंगे। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा कि जयपुर में दूसरे 3एस आउटलेट के साथ राजस्थान में निसान की मौजूदगी और मजबूत होगी। क्षेत्र में ब्रांड की मांग लगातार बढ़ रही है और नेटवर्क विस्तार के जरिए ग्राहकों के करीब पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निसान मैग्नाइट की सफलता के बाद अब नई निसान ग्रेविटे के जरिए कंपनी अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत कर रही है। नमो निसान के डीलर प्रिंसिपल आदित्य सिंह और अर्जुन सिंह ने कहा कि इस नई डीलरशिप के जरिए जयपुर और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेल्स और आफ्टर-सेल्स सर्विस प्रदान की जाएगी। कंपनी का कहना है कि नेटवर्क विस्तार और नए मॉडलों के साथ भारतीय बाजार में अपनी दीर्घकालिक मौजूदगी को और मजबूत किया जाएगा।

# महंगाई व गैस कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** बढ़ती महंगाई, घरेलू रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों तथा सामाजिक कार्यों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अनुपलब्धता के विरोध में सोमवार को नोखा ब्लॉक देहात एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तहसील चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस देहात अध्यक्ष रामनिवास तरड़ एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहनराम लीलड़ ने कहा कि भाजपा सरकार के गलत वित्तीय प्रबंधन के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आमजन, विशेषकर गृहिणियों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के कारण सामाजिक एवं व्यावसायिक गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं। शादी-विवाह जैसे आयोजनों में भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परिवारों में चिंता का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इन्हीं जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील चौराहे पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि आमजन से जुड़े इन गंभीर मुद्दों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन और तेज करेगी। जिला सचिव मुरली गोदारा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर पुतला दहन किया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोमलसर भंवरलाल सारण, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पवन नाई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश जैन, रावताराम मेघवाल, मुकाम मंडल अध्यक्ष श्रीराम डेलू, झाड़ेली सरपंच भंवरलाल तरड़, यूथ कांग्रेस नेता तरुण पंडित, राकेश खिचड़, राजकुमार भादू, ओमप्रकाश तरड़ सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** शहर के रेलवे स्टेशन स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। जिसमें एक अप्रैल को बालाजी का जन्मोत्सव मनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। राजू सैन ने बताया कि 31 मार्च को रामायण पाठ शुरू होंगे। एक अप्रैल हनुमान महाराज का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। रामायण समापन पर हवन व आरती के बाद भोग लगाकर भंडारा होगा। इस मौके पर मुकेश कुमावत, नवल किशोर फूलका, महेश स्वामी, विजेंद्र जांगिड़, मुकेश सोनी, चिरंजीलाल ठठेरा, हेमंत सोनी, पवन शर्मा, रामनिवास कुमावत, भवानी सैनी, छगन सैनी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लाडनूं के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को राहत देने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम लाडनूं तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 65 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर पर एक साथ 150 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस नेता अयूब खान ने बताया कि गैस की बढ़ी कीमतों के बावजूद गैस सिलेंडरों उपलब्ध नहीं हो रहे। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को अपना व्यवसाय बंद करना पड़ रहा है। वहीं छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष जयराम बुरड़क ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को मिलने वाला मिड-डे मील भी गैस की कमी के कारण प्रभावित होने लगा है। इसके अलावा शादी-ब्याह जैसे आयोजनों के लिए भी सिलेंडर प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आम जनता की दैनिक दिनचर्या बाधित हो रही है।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट बना राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जेके लक्ष्मी सीमेंट ने क्रिकेट लीग 2026 सीजन के लिए राजस्थान रॉयल्स के साथ प्रिंसिपल स्पॉन्सरशिप की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत कंपनी का लोगो टीम की मैच जर्सी के पीछे प्रमुख रूप से दिखाई देगा। साथ ही पूरे सीजन के दौरान टीम के गियरए स्टेडियम ब्रांडिंग और मैच.डे के डिजिटल कंटेंट में भी ब्रांड की मौजूदगी रहेगी। कंपनी ने बताया कि राजस्थान में लंबे समय से उसकी मजबूत उपस्थिति रही है। कारखानों, वितरण नेटवर्क और डीलर्स, ठेकेदारों तथा स्थानीय समुदायों के साथ जुड़े रिश्तों के कारण यह साझेदारी राज्य से जुड़े दो संगठनों को एक साथ लाती है। कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा कि राजस्थान हमेशा से कंपनी की पहचान और विकास का अहम हिस्सा रहा है और राजस्थान रॉयल्स के साथ यह साझेदारी उत्कृष्टता, प्रदर्शन और दीर्घकालिक सहयोग जैसे साझा मूल्यों को दर्शाती है।

वहीं कंपनी के प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर अरूण शुक्ला ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से कंपनी घर बनाने वाले लोगोंए ठेकेदारों, इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और डीलर्स के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहती है। राजस्थान रॉयल्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आलोक चित्रे ने कहा कि राजस्थान के प्रमुख ब्रांड का टीम से जुड़ना गर्व की बात है और इससे प्रशंसकों तथा समुदायों के साथ जुड़ाव और मजबूत होगा। कंपनी का मानना है कि इस तरह की रणनीतिक साझेदारियाँ ब्रांड को नए लोगों तक पहुँचाने और जिन बाजारों में वह काम करता है, वहां अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करने में मदद करती हैं।

# विनोद कुमार ने संभाला कोतवाली सीआई का पदभार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आरपीएस विनोद कुमार को सुजानगढ़ कोतवाली थाने का सीआई लगाया गया है। पहले पदस्थापित कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा को पांच सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए चूरू भेजा गया है। इस बारे में चूरू एसपी जय यादव ने आदेश जारी किए। जिसके बाद विनोद कुमार ने सुजानगढ़ पहुंचकर कोतवाली सीआई का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# फोन कर युवक को बुलाकर की बेरहमी से मारपीट

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि सरेआम धारदार हथियार से युवक के साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए। ये मामला देर शाम करीब सात बजे कॉपर बस स्टैंड में देखने को मिला। आरोपियों ने युवक को फोन कर बस स्टैंड बुलाया और जैसे ही युवक मोटरसाइकिल लेकर पहुंचा आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए झुंझुनू रैफर किया गया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित दो तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि बनवास निवासी मनोज कुमार पुत्र महादेव प्रसाद मैनी ने रिपोर्ट दी कि शनिवार शाम करीब सात बजे उसके चचेरे भाई सुभाष के पास मोबाइल पर फोन आया, उसे जरूरी काम की बात कहकर कापर के बस स्टैंड पर बुलाया। जब वह अपनी बाइक लेकर कापर बस स्टैंड पर पंहुचा तो एक स्कार्पियो गाड़ी में श्रीराम सैनी, राकेश भरगड़, रजनीश व दो-तीन अन्य युवक सवार होकर आए तथा उसकी बाइक के आगे गाड़ी लगाकर रोक लिया।

इसके बाद गाड़ी में सवार युवकों ने उतरते ही सुभाष पर धारदार हथियारों व सरियों से ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिसमें उसके दोनों हाथ, पांव कई जगह से टूट गये व सीर व पेट में गंभीर चोटे आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत उपचार के लिए सिंघाना अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनू जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। रिपोर्ट में बताया कि सुभाष को झुंझुनू बीडीके चिकित्सकों ने भी गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर व सिंघाना पुलिस को दे दी गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। फिलहाल आरोपी बदमाश पुलिस की गिरफ्त से दूर बताए जा रहे हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी भी करवाई लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। घायल सुभाष खेतड़ी नगर में ठेका कंपनी में काम करता है तथा फोन करने वाले ने कंपनी के काम का बहाना कर उसे बुलाने भी बात भी सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से वारदात को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में पीड़ित के भाई मनोज कुमार ने नानूवाली बावड़ी निवासी श्रीराम सैनी, राकेश भरगड़, रजनीश व दो-तीन अन्य के खिलाफ थाने में जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि रिपोर्ट में बताया कि दस बारह दिन पूर्व नानूवाली बावड़ी के श्रीराम सैनी जो सुभाष के साथ एचसीएल में कार्यरत है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसने सुभाष को धमकी दी थी की हाथ पांव तोड़ कर घर बैठा दूंगा, काम करने लायक नहीं छोड़ूंगा।

थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट के मार्फत तीन नामजद सहित दो तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सैनी समाज के होली स्नेह मिलन में समाज बंधुओं ने लिया हिस्सा

हर्ष सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुंबई के मीरा-भायंदर में सैनी युवा प्रतिष्ठान व सैनी समाज द्वारा होली स्नेह मिलन मनाया गया। समारोह में युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं संस्था के माध्यम से होने वाले विवाह-नव दंपतियों का सम्मान संस्था संरक्षक बजरंग सिंह चौहान, मुरली बालाण एवम् पूर्व अध्यक्ष करणीराम दहिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता किशोर विश्वेश्वर सतरावला रहे। विशेष अतिथि गोपाल बालाण, जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा चुरु एवं रणवीर कटारिया रहे। आंमत्रित अतिथि मीरा-भांयदर के विधायक नरेंद्र एल मेहता रहे। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने वाला त्यौहार है। उन्होंने मुंबई सैनी समाज की एकता एवं अथक प्रयासों से अवगत कराया। सुभाष चूड़ीवाल एवं टीम द्वारा मधुर संगीत एवं धमाल का कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ नागरिकों, अतिथियों एवं समाज की प्रतिभावों का सम्मान सीए हजारीलाल बालाण अध्यक्ष, निवास पंवार सचिव, रामावतार किरोड़ीवाल कोषाध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महिला कार्यकारिणी में राधा बालाण एवम् ग्यारसी दहिया ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में झुंझुनू जिले के नवलगढ़, मुकुंदगढ़, बगड़, चिराणा, पिलानी, उदयपुरवाटी, चिड़ावा, खेतड़ी, बड़ागांव सहित अनेक कस्बों के लोगों ने भाग लिया। उपाध्यक्ष रामलाल तंवर, सह सचिव सुरेश राजोरिया, सह कोषाध्यक्ष रमेश सुईवाल, कवि दिनेश्वर माली, मीडिया प्रभारी राजकुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मंच संचालन पूनम बबेरवाल व राघव पंवार द्वारा किया गया। प्रोग्राम के बाद सभी ने लजीज भोजन का आनंद लिया।

## सम्पादकीय

# मृत्यु में गरिमा

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है। कई स्थानों पर तो अपने आत्मीय की मृत्यु के बाद भी उसे वर्षों तक जीवन लौटने की आस में घर पर रखा गया। लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है। हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। निस्संदेह,यह मामला उन रोगियों के परिवारों के सामने उपस्थित पीड़ादायक दुविधा को ही उजागर करता है, जिनके ठीक होने की कोई वास्तविक संभावना नहीं होती। जो महज चिकित्सकीय मदद से ही जीवित रहते हैं। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। बहरहाल, इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा। दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है। जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। निस्संदेह, हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा-निर्देशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं। बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग विल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। निस्संदेह, ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। अंतत, निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। निस्संदेह, शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति-नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए। जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने व मरने की अनुमति दे सके। निस्संदेह, देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिये किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिये परिस्थितियां पैदा न की जा सकें।

## विशेष आलेख

# अमेरिकी कार्रवाई के बाद गड़बड़ाई विश्व व्यवस्था



दूसरे विश्व युद्ध के बाद कुछ अपवादों को छोड़ दें तो दुनिया ने सभ्य होने की तरफ लगातार कदम बढ़ाए। लेकिन इक्कीसवीं सदी का चौथाई हिस्सा बीतने के बाद लग रहा है कि एक बार फिर दुनिया आधुनिकता की चादर लपेटे मध्य युगीन बर्बरता की ओर बढ़ रही है। 28 फरवरी, 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद ऐसी सोच वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह मुसावी खोमैनी समेत कई सैन्य अधिकारियों की मौत ने दुनिया को एक बार फिर हिलाकर रख दिया है। दुनिया के कमजोर देश एक बार फिर आशंकित हो उठे हैं। उन्हें यह डर सताने लगा है कि अमेरिका के खिलाफ अगर उन्होंने नीतियां अपनाईं तो हो सकता है कि अमेरिका अपने तरीके से योजना बनाकर उस पर हमला कर दे।

अमेरिका ने ईरान पर हमले के लिए जिन कारणों को गिनाया है, उनमें सबसे प्रमुख कारण है, ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकना, ईरान की मिसाइल क्षमताओं को खत्म करना और वहां की मौजूदा शासन व्यवस्था को बदलना है। अमेरिका ने तर्क दिया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के करीब था, जो दुनिया और क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए एक अस्वीकार्य सुरक्षा खतरा है। ट्रंप का कहना है कि ईरान ने अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को त्यागने के हर अवसर को ठुकरा दिया था। ट्रंप का यह भी कहना है कि उसके ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल सुविधाओं और नौसैनिक संपत्तियों को पूरी तरह नष्ट करना है।

यह ठीक है कि अयातुल्ला खोमैनी की अगुआई वाले ईरान में इस्लामिक शासन व्यवस्था काम कर रही है, जिसे उसके नागरिकों के बड़े वर्ग का समर्थन हासिल नहीं था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ईरान की संप्रभुता को चोट पहुंचाई जाए। अमेरिका ने वही किया है। अगर ईरान की जनता अयातुल्ला खोमैनी के शासन को खत्म करती तो और बात होती, लेकिन अमेरिकी हमले में खोमैनी का मारा जाना दूसरे तरह की बात है। इससे आने वाले दिनों में कई खतरे उत्पन्न होंगे। ईरान पर हमले के बाद यह आशंका बढ़ गई है कि अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ दुनिया में क्रोध पनपे। यह भी हो सकता है कि आतंकी घटनाएं बढ़ें। गुरिल्ला युद्ध और ईरान समर्थित ताकतों द्वारा आतंकवाद के मुखौटे में अमेरिका और उसके समर्थकों को निशाना बनाया जाए। इससे दुनिया की चिंताएं बढ़ना अस्वाभाविक नहीं है।

अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों का हालिया इतिहास बताता है कि उनका घोषित उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। नौ सितंबर 2011 को न्यूयार्क के ट्विन टॉवर पर हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अफगानिस्तान स्थित तालिबान और अलकायदा पर कार्रवाई की थी, उस अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन फिर से स्थापित हो चुका है। अफगानिस्तान को छोड़कर भागने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति रहते जो बाइडेन ने लिया था। अफगानिस्तानी तालिबान पर हमले का एक मकसद वहां लोकतंत्र की स्थापना थी, लेकिन अब वहां तालिबान का इस्लामी शासन है और अमेरिका किनारे है। दिलचस्प यह है कि अफगानिस्ता के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिस पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोग दिया था, वह पाकिस्तान अब अफगानिस्तान से जूझ रहा है। इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के खिलाफ अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ सैन्य कार्रवाई शुरू की। उसका बहाना इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार होने को बनाया गया। दिलचस्प यह है कि इराक में सद्दाम हुसैन का शासन खत्म हो गया। तीस दिसंबर 2006 को उन्हें फांसी पर अमेरिका समर्थित न्याय तंत्र के जरिए लटका दिया गया, लेकिन इराक में अब तक ना तो लोकतंत्र आ पाया है और न ही शांति।

कुछ इसी तरह साल 2011 में लीबिया में अमेरिका ने सैन्य हस्तक्षेप किया। तब अमेरिका का उद्देश्य लीबिया के तानाशाह कर्नल मुअम्मर गद्दाफी के खिलाफ हुए नागरिक विद्रोह को समर्थन देकर लीबिया में लोकतंत्र की स्थापना करना था। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को जरिया बनाया गया। इसके बाद 19 मार्च 2011 को अमेरिका ने अपने कुछ सहयोगी देशों के साथ मिलकर हवाई हमले और मिसाइल हमले शुरू किए। तब से लेकर अब तक अमेरिका में कार्रवाई जारी है। अमेरिकी विशेष बलों ने बेंगाज़ी में 2012 के लीबिया के अमेरिकी राजनयिक मिशन पर हमले के आरोपी अहमद अबू खट्टाला को गिरफ्तार किया।

इसके बाद अमेरिका ने 2015 से लेकर 2019 के बाद तक आईएसआईएस और अल-कायदा के खिलाफ ड्रोन और हवाई हमले जारी रखे। जबकि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच लीबिया के ही लोगों के हाथों तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी 20 अक्टूबर 2011 को मारे जा चुके थे। भीड़ ने उन्हें उनके गृह नगर सिर्त में पकड़ा गया और वहीं उनकी हत्या कर दी गई। तब से लेकर लीबिया अब भी जल रहा है और वहां शांति और लोकतंत्र अब तक इंतजार कर रहे हैं।

अमेरिका की शह पर सीरिया के शासक के खिलाफ बशर अल-असद के शासन के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। सीरिया में तेरह वर्षों तक खूनी गृहयुद्ध चलता रहा। इसके बाद हार कर सात दिसंबर 2024 को विद्रोही ताकतों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया और बशर अल-असद के शासन का पतन हो गया। तब से लेकर सीरिया जल रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के शासक निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकों ने तीन जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर लिया। तब से वे अमेरिकी कैद में हैं और वहां नया शासन स्थापित हो गया है। अमेरिका दावा करता है कि वह लोकतांत्रिक देश है। वह पूरी दुनिया में अपनी तरह लोकतंत्र स्थापित करने का दावा करता है। लेकिन जहां भी वह कार्रवाई करता है, वहां लोकतंत्र आते हुए नहीं दिखता। ईरान में भी कुछ वैसा ही हो सकता है। यही वजह है कि अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ विश्व के बड़े हिस्से में क्षोभ है। ट्रंप के दौर में ऐसी कार्रवाइयों से विश्व आर्डर गड़बड़ा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ किनारे बैठ घटनाओं को होते देखभर रहा है।

अमेरिका की निगाह बहुत पहले से ईरान पर है। भूराजनीतिक मामलों के कुछ जानकारों का मानना है कि ईरान पर अमेरिकी हमला चीन की ताकत को रोकने की कोशिश भी है। इसकी वजह यह है कि चीन अपने तेल का तकरीबन नब्बे प्रतिशत हिस्सा ईरान से ही आयात करता रहा है। ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद चीन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने लगा है। चीन ने अपने दफ्तरी कामकाज में कटौती करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे राष्ट्रों में तो सरकारी दफ्तरों के लिए काम करने वाली गाड़ियों की संख्या को आधा कर दिया गया है और वहां दफ्तरों को हफ्ते में सिर्फ चार दिन खोलने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही वहां स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। भारत में भी युद्ध का असर दिखने लगा है। सरकार ने यहां पच्चीस दिनों बाद ही दूसरा एलपीजी सिलिंडर बुक करने का नियम लागू कर दिया है। भारत के सॉफ्टवेयर शहर बेंगलुरू के पेइंग गेस्ट अकोमोडेशन के खाने में कटौती के नोटिस वहां रह रहे युवाओं को मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि वहां घरेलू गैस की कमी हो गई है, इस वजह से वहां पीजी में रोटी, पूरी या पुड़ी और इस तरह के खाने की चीजें नहीं मिलेंगी, सिर्फ दाल-चावल से लोगों को काम चलाना होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि उसके पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। लेकिन उसने घरेलू गैस की कीमतों में साठ रूपए प्रति सिलिंडर और औद्योगिक गैस की कीमतों में 116 रूपए की बढ़ोतरी कर दी है। इससे देश में उहापोह और अफरातफरी जैसे हालात बनते नजर आ रहे हैं। जिस तरह रूस और यूक्रेन का युद्ध खत्म होता नजर नहीं आ रहा है, ईरान पर हमले भी थमते नजर नहीं आ रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि अगर ईरान ने समर्पण नहीं किया तो ईरान पर बीस गुना ज्यादा ताकत से अमेरिका हमला करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बार-बार कह रहे हैं कि ईरान में सत्ता परिवर्तन वहां की जनता को ही करना है। एक तरह से वहां की शासन व्यवस्था को बदलने के लिए लोगों को युद्ध से उपजी परिस्थितियों के बीच उकसाया जा रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। किस्मत मेहरबान रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

### वृष
अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

### मिथुन
पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी।

### कर्क
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे।

### सिंह
कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या
वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

### तुला
शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

### धनु
किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

### मकर
पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा।

### कुंभ
प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किस्मत मेहरबान रहेगी। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

### मीन
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# करी पत्ते के पानी से धोएं बाल मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

बालों को हेल्दी रखने के लिए कई लोग बहुत तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने लगते हैं। ये प्रोडक्ट्स थोड़े समय के लिए, तो बालों को स्वस्थ रखते हैं। लेकिन कई बार अंदरूनी तौर पर बालों को कमजोर करते हैं। ऐसे में बालों को हेल्दी रखने के लिए करी पत्ते के पानी से बाल धोएं जा सकते हैं। करी पत्ता अधिकतर घरों में खाना बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं करी पत्ते के पानी से बाल भी आसानी से धोएं जा सकते हैं। इसके पानी से बाल धोने से बालों की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। करी पत्ते का पानी बनाने में काफी आसान होता है। इसके इस्तेमाल से बाल मजबूत होने के साथ चमकदार भी बनते है।



### बालों को बनाएं मुलायम

करी पत्ते के पानी से बाल धोने से बालों को मुलायम बनाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से फ्रिजी बाल मुलायम हो जाते हैं। सर्दियों में फ्रिजी बालों की समस्या काफी बढ़ जाती हैं। ऐसे में करी पत्ते के पानी से बाल धो कर इस समस्या को आसानी से दूर किया जा सकता हैं।

### बालों को करें मजबूत

करी पत्ते के पानी से बाल धोने से बाल मजबूत और शाइनी बनते है। करी पत्ते में भरपूर मात्रा में आयरन और प्रोटीन पाया जाता है, जो बालों को बढ़ाने के साथ उन्हें मजबूत भी बनाता हैं। करी पत्ते का पानी बालों को पोषण देकर उन्हे मजबूत बनाता है।

### सफेद बालों की समस्या को करें कम

करी पत्ता के पानी से बाल धोने से सफेद बालों की समस्या आसानी से दूर होती हैं। करी पत्ते में पाए जाने वाले गुण बालों को लंबे समय तक काला रखने में मदद करते हैं। करी पत्ता के पानी से बाल धोने से असमय सफेद बालों की समस्या दूर होती हैं।

### डैंड्रफ को करें दूर

करी पत्ते के पानी से बाल धोने से डैंड्रफ की समस्या आसानी से दूर होती हैं। इसमें मौजूद तत्व बालों में डैंड्रफ को होने से रोकते है। करी पत्ते का पानी औषधीय गुणों से भरपूर होता है। ये स्कैल्प को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद करता है।

### बालों को बनाता है चमकदार

करी पत्ते के पानी से बाल धोने से बाल चमकदार और शाइनी बनते हैं। करी पत्ता बालों को रूखेपन से बचाता है और उन्हें हेल्दी रखने में मदद करता हैं। करी पत्ते में पाए जाने वाले एंटीफंगल गुण बालों को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद करता हैं।

# ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए ट्राई करें बेसन के यह फेस पैक, मिलेगी खूबसूरत त्वचा

बेसन त्वचा की कई समस्याओं को दूर कर सकता है। आप ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए बेसन के ये 3 फेस पैक ट्राई कर सकते हैं। ऑयली स्किन की देखभाल करना काफी मुश्किल होता है। जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है, उन्हें अक्सर कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। तैलीय त्वचा पर मुंहासे, ब्लैकहेड्स और पिंपल्स की समस्या ज्यादा होती है। ऐसे में, ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए कुछ लोग महंगे फेस वॉश यूज करते हैं, तो कुछ लोग फेस पैक लगाते हैं। लेकिन इनसे भी चेहरे का चिपचिपापन खत्म नहीं हो पाता है। ऐसे में आप ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां, ऑयली स्किन वाले के लिए बेसन बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दही लगाने से चेहरे का अतिरिक्त तेल सोखने में मदद मलिती है।



इसके साथ ही, बेसन में एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं, जो त्वचा को कई लाभ प्रदान करते हैं। बेसन त्वचा के कील-मुंहासों और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। चेहरे पर बेसन लगाने से त्वचा की रंगत में निखार आता है।

**बेसन और हल्दी का फेस पैक :** बेसन और हल्दी का फेस पैक ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। त्वचा पर हल्दी का प्रयोग करने से मुंहासों और ब्लैकहेड्स की समस्या दूर होती है। हल्दी त्वचा की सूजन को दूर करने में भी लाभकारी होती है। ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए आप बेसन और हल्दी को मिक्स करके लगा सकते हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन लें। इसमें चुटकीभर हल्दी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट के बाद साफ पानी से धो दें।

**बेसन और दही का फेस पैक :** त्वचा के लिए दही बहुत फायदेमंद होता है। दही में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो त्वचा की रंगत को सुधारने में मदद करता है। बेसन और दही का फेस पैक लगाने से त्वचा पर अतिरिक्त तेल के उत्पादन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, यह मुंहासों और दाग-धब्बों को भी साफ करता है। इसके लिए आप एक कटोरी में दो चम्मच बेसन लें। इसमें दो चम्मच दही मिलाएं और पेस्ट तैयार कर लें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### बेसन और नींबू का फेस पैक

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। नींबू के इस्तेमाल से डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद मिलती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो आप बेसन और नींबू का फेस पैक लगा सकते हैं। यह त्वचा के चिपचिपेपन को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसे लगाने से चेहरे के मुहांसों और ब्लैकहेड्स से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन में एक चम्मच नींबू का रस मिला लें। इसमें थोड़ा सा पानी मिलाएं और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद पानी से धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार कर सकते हैं। इससे आपको फ्रेश और ग्लोइंग स्किन मिलेगी।

# चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए करें इन फेस पैक का इस्तेमाल

चेहरे पर मौजूद अनचाहे बाल महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या होते हैं। अनचाहे बालों की वजह से आपकी खूबसूरती पर भी प्रभाव पड़ता है। चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह के उपाय अपनाते हैं। आज के समय में मार्केट में भी कई ऐसे प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे जिनका इस्तेमाल करने से चेहरे पर मौजूद अनचाहे बाल हट जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल का इस्तेमाल होने के कारण स्किन के लिए बहुत नुकसानदायक माने जाते हैं। महिलाएं थ्रेडिंग, वैक्सिंग और फेसिअल हेयर रिमूवल क्रीम आदि की सहायता से चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटवाती हैं। चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए इन चीजों का इस्तेमाल कई बार स्किन के लिए नुकसानदायक हो जाता है। ऐसे में स्किन को गंभीर नुकसान से बचाने के लिए आप कुछ ऐसे फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**चने के आटे का फेस पैक :** चने के आटे या बेसन से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर आप चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। इस मास्क को तैयार करने के लिए सबसे पहले आप आधा कप चने का आटा लें। इसमें एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक चम्मच क्रीम, आधा कप दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद चहरे पर अच्छी तरह से इसे अप्लाई करें। लगभग 20 से 30 मिनट लगा रहने दें और फिर सूख जाने पर बालों के उल्टी दिशा में इसे धीरे-धीरे हटाएं। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

**हल्दी और पपीता पैक :** हल्दी और पपीते से बना फेस मास्क भी चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने में बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक चम्मच हल्दी पाउडर लें और इसमें पपीते के कुछ टुकड़ों को मैश करके मिला लें।

**मेथी और हरे चने का फेस पैक :** चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए मेथी दानें और हरे चने से बना फेस मास्क बहुत फायदेमंद होता है। मेथी और हरे चने के पाउडर का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक चम्मच मेथी दाना और 1 चम्मच हरे चने को अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद अच्छे से इसे मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें।

# विप्र चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. विजय बासोतिया

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** तीर्थराज पुष्कर में आयोजित विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय परिषद ने सुप्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी जिले के नवलगढ़ कस्बे के निवासी डॉ. विजय बासोतिया को विप्र चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वीआईसीसीआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर देशभर से आए पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने डॉ. विजय बासोतिया के चयन का जोरदार स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में वीआईसीसीआई समाज की



आर्थिक शक्ति को एक नई दिशा देगा। उल्लेखनीय है कि वीआईसीसीआई, विप्र फाउंडेशन का आर्थिक प्रकोष्ठ है। जिसका उद्देश्य समाज के उद्यमियों, उद्योगपतियों और नवोदित व्यवसायियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। यह मंच व्यापारिक सहयोग, निवेश के अवसर, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्यमियों को बड़े औद्योगिक समूहों से जोड़ने का कार्य करता है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में आर्थिक आत्मनिर्भरता और उद्यमिता ही समाज की वास्तविक शक्ति है और वीआईसीसीआई इस दिशा में एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक में देशभर में वीआईसीसीआई के नए चैप्टर स्थापित करने, युवा उद्यमियों को जोड़ने तथा व्यापारिक सहयोग को व्यापक बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजय बासोतिया ने इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व केवल एक पद नहीं बल्कि समाज की आर्थिक शक्ति को जागृत करने का एक मिशन है। उन्होंने कहा कि वीआईसीसीआई के माध्यम से समाज में उद्यमिता की नई चेतना विकसित की जाएगी और युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में आज उद्योग, स्टार्टअप और नवाचार को लेकर अनेक सरकारी योजनाएं उपलब्ध हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में समाज के कई युवा उनका लाभ नहीं ले पाते। वीआईसीसीआई का प्रयास रहेगा कि हर नए उद्यमी को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और नेटवर्क उपलब्ध कराया जाए ताकि वह आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय स्थापित कर सके। डॉ बासोतिया ने कहा कि संगठन देशभर के उद्यमियों को एक मजबूत आर्थिक परिवार के रूप में जोड़ते हुए व्यापारिक सहयोग, निवेश साझेदारी, उद्यम कार्यशालाओं और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारियों, उद्योगपतियों और युवा उद्यमियों के सामूहिक प्रयास से वीआईसीसीआई समाज की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक शक्तिशाली माध्यम बनेगा।

## डाक अदालत का आयोजन कल

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** डाक विभाग के द्वारा झुंझुनू मण्डल डाक में 18 मार्च को प्रातः 11 बजे अधीक्षक डाकघर झुंझुनू के कार्यालय में एक डाक अदालत का आयोजन होगा। इस डाक अदालत में प्रशासन अपने उपभोक्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेगा और इससे सम्बंधित शिकायते समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि इस दौरान काउन्टर सेवा डाक व रेल डाक सेवाद्ध, विदेशी डाक वस्तुएं, पार्सल एवं बीमाकृत वस्तुएँ, बचत बैंक, मुल्यदेय वस्तुएँ, मनीऑर्डर, पेंशन सम्बन्धी मामले केवल डाक कर्मचारी जो इस मण्डल के अधीन हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपयुक्त किसी मामले में कोई शिकायत हो और उसका अभी तक कोई संतोषप्रद उत्तर नहीं मिला हो तो उसे अपनी शिकायत का पूर्ण विवरण देते हुए अधीक्षक डाकघर झुंझुनू को 16 मार्च तक अवश्य भेज देना चाहिए। इस प्रकार की कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर सम्बंधित मामले पर ध्यान दिया जावेगा।

## पौधरोपण किया



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सन्यास आश्रम महात्मा में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण गिरी महाराज सन्यास आश्रम महात्मा रतन दास, डॉ आर रवि बाबू मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, जीएल निर्वाण जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड चूरू, प्रकाश जी चौधरी अधिशासी अभियंता प्रोजेक्ट तारानगर, रितु श्योराण सहायक अभियंता प्रोजेक्ट तारानगर, लोकेश चौधरी सहायक अभियंता प्रोजेक्ट तारानगर रामचन्द्र आईतान गोगाटिया चारनान आदि मौजूद थे।

## कांशीराम की जयंती मनाई



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन तारानगर में दलितों के मसीहा दलितों में राजनीतिक चेतना जागृत करने वाले बहुजन नायक मान्यवर काशी राम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बहुजन नायक के संघर्ष और शिक्षा को याद किया गया। मान्यवर काशी राम ने बताया कि बहुजनों में सामाजिक एकता और राजनीतिक चेतना की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर जेठा राम पटीर, विनोद मेहरा, सुरेश जोईया, भगवाना राम घोटड़, मुकेश छापर वाल, ग्यारसी लाल, हजारी मल इत्यादि उपस्थित रहे।

## पोस्टर एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुथारों का बस नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्लस टू के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर प्राचार्य संतोष चौधरी एवं उप्राचार्य विष्णु दत्त सारस्वत ने किया। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। सह प्रभारी राशि शर्मा के सानिध्य में स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया तथा इसके उपरांत स्वयं सेविकाओं ने शाला परिसर के समस्त कक्षा कक्षों व बरामदों व छत की सफाई चार समूह में विभाजित होकर की छात्राओं ने अल्पाहार लिया तथा इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं के लिए पोस्टर एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मध्य सत्र में स्वयं सेविकाओं ने भोजन ग्रहण किया। आज भोजन में छोले पुरी व गुलाब जामुन परोसे गए भोजन व्यवस्था में श्रीमती कल्पना चौधरी व सीमा स्वामी आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया द्वितीय सत्र में सरकारी डिजिटल सेवाओं की जानकारी और डिजिटल पेमेंट प्रशिक्षण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया उप प्राचार्य विष्णु दत्त सारस्वत व मानाराम ने विभिन्न विभिन्न डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट का प्रशिक्षण व्यावहारिक रूप से दिया। कार्यक्रम अधिकारी कमलजीत कौर ने आज के कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा समस्त स्टाफ व स्वयं सेविकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, 40 किलो डोडा चूरा व अफीम बरामद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी और सिंधी कैंप थाना पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफकार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा डिपो की बस से पंजाब निवासी दो जटसिख तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 किलो डोडा चूरा व अफीम बरामद की है। जिसकी बाजार कीमत 6:50 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि सीएसटी और सिंधी कैंप थाना पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अमरीक सिंह 42 निवासी हीरो कला, मानसा पंजाब और बलजिन्द्र सिंह 40 निवासी हीरो कला, मानसा पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 40 किलो डोडा चूरा व अफीम बरामद की है। डीसीपी अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि नशा माफियाओं के खिलाफविशेष निगरानी रख रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि भीलवाड़ा डिपो की बस में दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर जयपुर आ रहे हैं। इस पर सिंधी कैंप थाना पुलिस के साथ मिलकर की गई इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने बस की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 40.456 किलोग्राम डोडा चूरा अनुमानित कीमत 6 लाख रुपये और 246 ग्राम अफीम कीमत करीब 50 हजार रुपये बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिए हैं।

## दिव्यांग किसान का आशियाना जला



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम मालासर की रोही में ढाणी बनाकर रहने वाले एक दिव्यांग किसान का आशियाना गत रात्रि को जल गया। घटना में ढाणी में गहने, नकदी व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर मिट्टी व पानी डालकर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल गया था। मामले के अनुसार ग्राम मालासर निवासी सुरज्ञानसिंह खेत में ढाणी बनाकर परिवार सहित रहता है। रविवार की रात चिंगारी से ढाणी में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ढाणी में बने तीन झोपड़ों को अपनी आगोश में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा आग पर पानी व मिट्टी डालकर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल गया। घटना में लाखों रुपए की नकदी, घरेलू सामान, अनाज, 70 हजार रुपए नकदी एवं सरकारी दस्तावेज जल गए। सुरज्ञानसिंह दिव्यांग है तथा अपने पुत्र अजीतसिंह की आंखों के ऑपरेशन के लिए 70 हजार रुपए एकत्रित किए थे, जो आगजनी की घटना में जल गए।

## होली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में खाण्डल विप्र युवा मण्डल के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह गत सायं स्थानीय मंगल भवन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा संरक्षक-खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के सानिध्य में व संस्थान के अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया की अध्यक्षता में हुआ। समारोह का शुभारंभ मंचस्त अतिथिगण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां संरक्षक संस्थान अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया, देवेन्द्र जोशी-जयपुर, डॉ. पंकज काछवाल, आनन्द रिणवा फरिदाबाद, मनोज जोशी, मनीष रिणवा, रमेश चोटिया, संजय पुरोहित, विजय कुमार चोटिया, तुलसीराम जी चोटिया, मनोज बंसिया नीम का थाना, बुधमल माटोलिया, गजानन्द मंगल हारा, देवकीनन्दन रिणवा, पवन माटोलिया, सत्यनारायण पुरोहित, रामकिशन माटोलिया ने मंगलदत्त महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व



गणेश वंदना से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों व विशिष्ट जनों का दिपक डिडवाणियां, प्रकाश भुढाढरा, अनूप पिपलवा, दिवाकर बंशीया, प्रदीप रिणवा, मन मोहन बोचीवाल, योगेश मंडगीरा, राजेश सेवदा, अमित मंगलहारा, प्रिंकेश बबील, मधु सुधन चोटिया, संतोष माटोलिया, श्याम सुंदर चोटिया, कन्हैयालाल भुढाढरा, देवकीनन्दन मंगलहारा, निरुपम मंगलहारा, भूनेश मंडगीरा, कमलेश जोशी, कृष्ण चोटिया, गजराज बशीया, गणेश जोशीमनमोहन सेवदा, मोहित बंणसीया, पवन पिपलवा, श्याम बंणसीया, निलमणी नोहाल, श्याम सुंदर बंशीया, सुमित भुढाढरा, नवीन बाठोलिया, पवन चोटिया, रजत बंणसीया, रामकिशोर नोहाल, राधेश्याम पिपलवा व पवन मंगलहारा ने दुपट्टा व कंठहार पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर खाण्डल विप्र युवा मंडल के पदाधिकारियों को पद की संरक्षक राजकुमार रिणवा ने शपथ दिलाई। खाण्डल विप्र युवा मंडल अध्यक्ष दिपक डिडवानिया ने सभी आगन्तुको का शाब्दिक स्वागत किया। मंत्री मनमोहन बोचीवाल ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। आयोजित होली स्नेह मिलन के दौरान गायकार योगेश चोटिया योगी शर्मा सीकर व गायिका मनीषा सैनी ने राजस्थानी गीत व धमाल की रोचक प्रस्तुति से उपस्थित जनों को थिरकने पर मजबुर कर दिया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं का समाज के प्रति विशेष दायित्व है, अतः सामाजिक, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति रुचि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने इस अवसर पर पनिहारी गीत दो.तीन कड़ी सुनाई। कार्यक्रम को ओमप्रकाश मंगलहारा व दैवेन्द्र जोशी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का मंचिय संचालन अमीत मंगलहारा व मनीष रिणवा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नन्द किशोर माटोलिया, जगदीश प्रसाद चोटिया, शंकरलाल सेवदा, सत्यप्रकाश चोटिया, कृष्णा माटोलिया, बनवारी लाल बील, मुरलीधर मंडगीरा, पूरणमल पुरोहित पवन रिणवा, पंकज जोशी, किशोर लाल बील, झाभरमल पिपलवा, पवन जोशी, रामकिशन नोहाल, चांद रिणवा, मुकेश रिणवा, निर्मल भुढाढरा, कैलाश चंद्र नोहाल, हिरालाल नोहाल सहित कई गणमान्यजन व मातृशक्ति उपस्थित थे।

## एआई और डीपफेक का बढ़ता खतरा : आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराध

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है। इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति फोन या मैसेज के माध्यम से अभी पैसे भेजो या शतुरंत ट्रांसफर करो जैसे संदेश देता है तो सतर्क हो जाएं। कई बार अपराधी डर, घबराहट या गोपनीयता का हवाला देकर जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए दबाव बनाते हैं। इसके साथ ही ओटीपीए पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी मांगना भी साइबर ठगी का स्पष्ट संकेत हो सकता है। अक्सर ठग पीड़ित को किसी अन्य व्यक्ति से पुष्टि करने से भी रोकने की कोशिश करते हैं। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या वीडियो पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई परिचित व्यक्ति पैसे मांगता है तो पहले उसके पहले से ज्ञात मोबाइल नंबर पर सामान्य कॉल करके जानकारी की पुष्टि जरूर करें। ओटीपीए पासवर्ड या बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारी कभी भी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, वॉइस नोट या वीडियो अनावश्यक रूप से सार्वजनिक करने से भी बचें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि तकनीक के इस दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास न करें और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## भारतीय नववर्ष-2083 के स्वागत की तैयारी जोरों पर



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाले भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर-2083 के स्वागत में जयपुर तैयार है। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर से महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में आठों दिशाओं के लिए आठ सजे धजे अश्व रवाना किए गए। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने संतों-महंतों एवं गणमान्य लोगों के साथ चार श्वेत अश्वों को जयपुर शहर की चारों दिशाओं पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण की ओर रवाना किया। इससे पूर्व चारों अश्वों का पूजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता रवि नैय्यर, निवर्तमान उप महापौर पुनीत कर्णावट, घाट के बालाजी मंदिर के महंत सुदर्शनाचार्य, रामगंज बाजार के कांवटियो का खुर्रा स्थित प्राचीन रामचंद्र मंदिर के महंत पं लोकेश मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता एचसी गणेशिया, पं दिनेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। ये अश्व शहर के प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर भारतीय नवसंवत्सर के प्रचार-प्रसार का संदेश देंगे। ये अश्व ईशान दिशा में खोले के हनुमान मंदिर, पूर्व में गलताजी, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामीनारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमानजी, वायव्य में कदम्ब डूंगरी तथा उत्तर में आमेर काले हनुमान मंदिर तक जाएंगे और नवसंवत्सर का संदेश देंगे। अश्वों के साथ समिति के कार्यकर्ता पम्पलेट वितरित करते हुए युवाओं से भारतीय नववर्ष को धूमधाम से मनाने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं 19 मार्च को जयपुर के प्रमुख मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजाकर नवभोर का स्वागत किया जाएगा। शाम को गोविंददेवजी मंदिर में महाआरती का आयोजन होगा।

## टेक उत्सव : रोचक मुकाबलों में खिलाड़ियों का जीत का संघर्ष

निसं

**पिलानी (नवयत्न)।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पिलानी में चल रहे टेक उत्सव के दौरान सोमवार को विभिन्न स्पर्धाएं एवं एथेलेटिक्स मुकाबले हुए। महाविद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इलेक्ट्रीशियन ने पहले खेलते हुए 46 रन बनाए जिसके जवाब में एमई की टीम भी 46 रन ही बना पाई और सुपर ओवर खिलाया गया जिसमें इलेक्ट्रीशियन ने जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ईई व सीएस के मध्य खेला गया जिसमें सीएस ने पहले खेलते हुए 56 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में ईई ने केवल चार ओवर में ही बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबला मंगलवार को इलेक्ट्रीशियन व ईई के मध्य खेला जाएगा। मेहंदी प्रतियोगिता में सीएस की श्रुता प्रथम, स्टेनो की काजल भाटी द्वितीय व आरती तृतीय



स्थान पर रही। फ्री फायर गेम्स में रेहान, आसिफ, आयमन भाटी व जायेद प्रथम, परमजीत, आदित्य, मयंक व यशस्वी द्वितीय तथा दिव्यांशु, रिषी, श्रेष्ठ व भव्य तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज में रिषि पांडे, देव चुग, हर्ष कुमार व अविनाश कुमार ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चरण में प्रवेश किया। एथेलेटिक्स के मुकाबले के 100मी दौड़ में सीएस का मोहम्मद रेहान प्रथम, डीजल मैकेनिक का कार्तिक द्वितीय व इलेक्ट्रीशियन का अनीश तृतीय, 200 मी दौड़ में ईई का खुशवंतसिंह प्रथम, कोपा का दीपेंद्र सिंह द्वितीय व स्टेनो का फयान तृतीय, 400 मी दौड़ में इलेक्ट्रीशियन का योगेश प्रथम, ईएल का सुनिल द्वितीय व इलेक्ट्रोनिक्स का लोकेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। गोला फैंक में इलेक्ट्रीशियर का योगेश प्रथम, स्टेनो का आलोक द्वितीय व इलेक्ट्रोनिक्स का लोकेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। तश्तरी फैंक व भाला फैंक में स्टेनो का आलोक प्रथम, इलेक्ट्रीशियन का योगेश द्वितीय व ईएल का सुनिल तृतीय स्थान पर रहे।

## एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में सोमवार को रतनगढ़ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने राजलदेसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती, ओपीडी वार्ड, लैब, एक्स-रे रूम, नि:शुल्क दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उपखंड अधिकारी ने कहा कि जिला कलेक्टर के आदेश पर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया लेकिन वहां पर सभी तरह से व्यवस्था सुव्यवस्थित पाई गई। सरकार की योजना का मरीजों को लाभ दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि मरीजों से सौहाद्रपूर्ण व्यवहार किया जाए। भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री मदन दाधीच ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए अस्पताल में जल भराव की समस्या के बारे में अवगत करवाया। साथ ही डॉक्टर व नर्सिंग रूम जो जर्जर अवस्था में है उनका नवनिर्माण के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने की बात कही जिस पर एसडीएम ने कहा जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कपिल धाबाई, पवन झेडू, राजेंद्र, चेनरूप, कैलाश राजपुरोहित सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहे।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाला सौतेला पिता गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की वर्ष 2018 में सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया था । बेटी ने मामले की जानकारी अपनी मां को दी। जिसके बाद आरोपी घर से 2 लाख रुपए नकद व गहने लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी पिता की गिरफ्तारी के लिए तीन हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराया था कि पति से अनबन होने के कारण वो अपनी बेटी के साथ अलग रह रहीं थी। तभी आरोपी से उसकी मुलाकात हुई । आरोपी ने वर्ष .2018 में आरोपी ने नाबालिग बेटी को डरा-धमकाकर देहशोषण किया। बेटी ने आरोपी की उसकी करतूत के बारे में अपनी मां को बताया। आरोपी को इस बात की भनक लग गई और वो घर से 2 लाख रुपए नकद व गहने चोरी कर मौके से फरार हो गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। लेकिन आरोपी का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा।

## म्यूजियम लोकार्पण में दिखेगा फिल्मी रंग, जुगलकिशोर बनेंगे बाबा क्षितिज करेंगे एलबम की शूटिंग

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में होने जा रहे म्यूजियम लोकार्पण समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। समारोह में फिल्मी दुनिया की भी झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता जुगलकिशोर नायक बावलिया बाबा की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे, वहीं फिल्म अभिनेता क्षितिज कुमार बाबा के भजनों पर आधारित एलबम गीतों की शूटिंग करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार समारोह के दौरान बाबा के जीवन व लोक आस्था से जुड़े प्रसंगों को दर्शाते हुए एलबम गीतों की शूटिंग भी की जाएगी। जुगलकिशोर नायक रथयात्रा में बाबा के रूप में आएंगे। जबकि क्षितिज कुमार इस एलबम के गीतों की शूटिंग में अहम भूमिका निभाएंगे। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामीणों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना है। अरुण केडिया का कहना है कि म्यूजियम लोकार्पण के साथ होने वाली इस विशेष प्रस्तुति से कार्यक्रम और भी आकर्षक व यादगार बनेगा।

## नगर निगम इंस्पेक्टर बनाने का झांसा देकर 22 लाख की ठगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जामडोली थाना इलाके में निगर निगम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 22 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो सगे भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। हेड कांस्टेबल लालाराम ने बताया कि आगरा रोड के जामडोली निवासी सुनील कुमार ने मामला दर्ज कराया है कि उसके गांव का परिचित लल्लूराम ने उसे नगर निगम में इंस्पेक्टर के पद नौकरी लगवाने व 80 हजार रुपए प्रति माह सैलेरी दिलवाने का झांसा दिया और और 22 लाख रुपए ऐंठ लिए। बताया जा रहा है कि मार्च-2023 में परिचित लल्लूराम उनके घर मिलने आया था। परिजनों से बातचीत के दौरान शातिर लल्लूराम ने नगर निगम में वैकेंसी निकलना बताकर उसके दोनों भाइयों की जॉब लगाने का कहा। बताया कि अधिकारियों से अच्छी जान-पहचान है। एक पोस्ट तो आरएएस के अटेण्डर की है। जिसकी मंथली सैलरी 80 हजार रुपए है। एक भाई को आरएएस का अटेण्डर और दूसरे को नगर निगम इंस्पेक्टर लगाने का झांसा दिया। बातों में आने पर जॉब लगाने के एवज में 15 लाख रुपए की डिमांड की। सरकारी नौकरी के नाम से पीड़ित परिजनों ने आरोपी को 15 लाख रुपए दे दिए। जिसके बाद आरोपी ने अगस्त-2023 में दोनो भाई को अलवर में 5 दिन की ट्रेनिंग करवाने के लिए भेजकर आरोपी परिचित ने रहने-खाने का खर्च 5 हजार रुपए ओर ले लिए । जिसके बाद आरोपी जॉब लगाने को लेकर टालमटोल करता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने अधिक के ट्रांसफर होने का बहाना बनाना शुरु कर दिया और दूसरे अधिकारी को 7 लाख रुपए देने का झांसा दिया। 7 लाख रुपए देने के बाद आरोपी ने फिर से टालमटोल करने लगा और जल्द ही पैसे वापस देने का झांसा दिया। जिसके बाद पीड़ित को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पीड़ित ने नौकरी नहीं लगने पर आरोपी लल्लूराम पर 22 लाख रुपए वापस लौटाने का दबाव बनाया तोअप्रैल-2024 में आरोपी लल्लू राम ने दौसा स्थित एसबीआई बैंक के तीन चेक साढ़े 5 लाख रुपए भरकर पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए दे दिए। पीड़ित ने बैक जाकर खाते की जानकारी ली तो उसमें पैसे नहीं होने का पता चला।

## गाड़ी की छत पर चढ़कर युवक ने किया हंगामा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** माणक चौक थाना इलाके के बड़ी चौपड़ क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने गाड़ी की छत पर चढ़कर हंगामा कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार युवक बीच सड़क पर अपनी कार रोककर उसकी छत पर चढ़ गया और सिगरेट पीते हुए बीड़ी-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा। युवक अपने साथ दो बड़े डिब्बों में बीड़ी और सिगरेट भी लेकर आया था। घटना के दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर माणक चौक पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह काफी देर तक गाड़ी की छत पर खड़ा होकर हंगामा करता रहा। बाद में पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर नीचे उतारा और हिरासत में ले लिया। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि युवक की पहचान वरुण जौहरी के रूप में हुई है। उसे सड़क पर गाड़ी रोककर हंगामा करने और यातायात बाधित करने के मामले में हिरासत में लेकर थाने लाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि जिस बीड़ी और सिगरेट के दुष्प्रभावों को रोकने की मांग वह कर रहा था, इसी दौरान वह गाड़ी की छत पर खड़ा होकर सिगरेट पीता भी नजर आया।

## 525 ग्राम अवैध भांग के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 525 ग्राम अवैध भांग बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि 27 फरवरी को नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के गोविंद राव जी का रास्ता इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें एक व्यक्ति कार में भांग की पत्तियों के साथ बैठा नजर आ रहा था। इस संबंध में नाहरगढ़ थाने में मामला दर्ज कर संदिग्ध की तलाश की जा रही थी। जिस पर थानाधिकारी महेश चन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति जवाहर नगर कच्ची बस्ती के टीला नंबर-1 पर भांग बेचने की फिराक में खड़ा है।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मुकेश मीणा निवासी जवाहर नगर को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 525 ग्राम भांग बरामद हुई, जिसका उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद भी नशे का आदी है और उत्तर प्रदेश सहित अन्य स्थानों से भांग लाकर शहर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई करता था। आरोपी के खिलाफ जवाहर नगर, लालकोठी, ट्रांसपोर्ट नगर और बस्सी थानों में मारपीट, दुर्घटना और आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।



# यूपीएससी एवं एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट अवार्ड सेरेमनी आयोजित

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित प्रिंस कॉलेज में यूपीएससी व एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया एवं टॉपर विद्यार्थियों का नकद पुरस्कार से सम्मान किया गया। यूपीएससी मेगा टैलेंट हंट में प्रथम रैंक पर रही प्रज्ञा कुमावत को 5100 नकद पुरस्कार, द्वितीय रैंक यश वर्मा को 3100 रूपण, तृतीय रैंक मयंक निठारवाल को 2100 रूपण, चतुर्थ रैंक सरस्वती को 1100 रूपण एवं 5वीं से 20वीं रैंक तक प्रत्येक प्रतिभागी को 500 रूपण् नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट में प्रथम रैंक पर रही माही सुंदरिया को 5100 रूपण् नकद पुरस्कार, द्वितीय रैंक हिमांशु थोरी को 3100 रूपण तृतीय रैंक महिमा तूनवाल को 2100 रूपण चतुर्थ रैंक तरुण गुर्जर को 1100 रूपण् एवं 5वीं से 20वीं रैंक तक प्रत्येक प्रतिभागी को 500 रूपण् नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने यूपीएससीए आरपीएससी व एसएससी सीजीएल में सफलता हेतु सक्सेस टिप्स देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कॉलेज प्रथम वर्ष से ही यूपीएससी व एसएससी के प्रीवियस ईयर क्श्चन पेपर्स सॉल्व करने, न्यूजपेपर रीडिंग व राइटिंग स्किल्स पर विशेष फोकस करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जय सिंह, प्राचार्य डॉ. मनीष यादवए कुलदीप सिंह, अनिल शर्मा, महेंद्र कुमार सहित समस्त व्याख्याता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला सतर्कता यूनिट ने की गैस एजेंसियों की जांच

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार सोमवार को जिला सतर्कता यूनिट ने जिले में कुल 14 गैस एजेंसियों की जांच की। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि जांच के दौरान 14 गैस एजेंसियों में से 12 गैस एजेंसियों में कोई अनियमितता नहीं पाई गई, जबकि बीदासर तहसील की जोशी इण्डेन गैस एजेन्सीए साण्डवा में 40 व्यवसायिक गैस सिलेण्डर तथा विक्रम इण्डेन गैस एजेंसीए अमरसर में 30 व्यवसायिक गैस सिलेण्डर कम पाए गए, जिस पर इण्डेन के ब्रिकीकर अधिकारी को गैस एजेंसियों में पाई गई अनियमितता के कारण दोनों गैस एजेंसियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिए पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सामान्य व निर्बाध है।

यदि किसी गैस एजेन्सीए वेंडर या अन्य व्यक्ति द्वारा सिलेण्डरों की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव पैदा करना या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करना पाया जाता है, तो संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा एलपीजी एक्ट, 2000 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन का प्रशिक्षण मंगलवार, 17 मार्च को जिले मे 03 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशानुसार जिले में मंगलवार को चूरू शहर में डीआईसी सेंटर व सरदारशहर में राममंच में सुबह 10 बजे से व सुजानगढ़ के नगरपालिका सभागार में दोपहर 02 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीनों प्रशिक्षण में एक हजार से अधिक प्रशिक्षार्थी का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई, नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन सिंह गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारीए राजीविका समूह के सदस्य, आशा सहयोगिनी, एएनएम सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यापारियों को रीयूज्ड कुकिंग ऑयल आरयूसीओ के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा।

## स्क्रैप फैक्ट्री में तेज धमाके से कंप्रेसर फटा

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्वकर्मा थाना इलाके में सोमवार शाम स्क्रैप फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ कंप्रेसर फट गया। जिससे फैक्ट्री में आग लग गई। आग की चपेट में आने चार मजदूर गंभीर रुप से झूलस गए। तेज धमाके से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से चारों मजदूरों को निजी अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है की विश्वकर्मा रोड नंबर 17 पर जैसलिया चौराहा पर जगदम्बा इंडक्शन प्राईवेट लिमिटैड के नाम से स्क्रैप फैक्ट्री है। सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ फैक्ट्री में लगा कंप्रेशर फट गया और फैक्ट्री में आग लग गई।

## सम्मान : संस्कृत वांगमय परीक्षा में रितिका का राज्यस्तर पर दूसरा स्थान

निसं



**कांवट ( नवयत्न )।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कांवट के प्रधानाचार्य रमेश चंद मीणा ने बताया कि नवम्बर 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत वांगमय परीक्षा में कक्षा दसवी की छात्रा रितिका पुत्री सरदार मल सैनी ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर संस्कृत विद्यालय और कांवट का नाम रोशन किया है। जिसका सम्मान 28 मार्च 2026 को जयपुर में संस्कृत जगत की महान विभूतियों द्वारा किया जावेगा। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के वाँगमय के प्राध्यापक पंडित पवन शास्त्री ने इसे संस्कृत शिक्षा में कांवट का उदय बताया है। राज्य स्तर पर इस परीक्षा में लगभग 20000 बच्चों ने भाग लिया था। शाला में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद कालावत, राखी देवड़ा, रतन लाल मीणा, मुकेश कुमावत, मंगल चंद वर्मा, राजेश जाट, शकुंतला, सरिता शर्मा, श्याम सुन्दर, विकास चावड़ा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## राजसखी मेले और ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन। में मंगलवार, 17 मार्च को सायं 05 बजे जिला मुख्यालय स्थित चूरू चौपाटी में राजीविका की ओर से राजसखी मेले का शुभारंभ किया जाएगा। इसी क्रम में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत ओडीओपी प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया जाएगा। राजीविका डीपीएम भागचंद खारिया ने बताया कि जिला प्रशासन, राजीविका व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजसखी मेला एवं ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन 17 मार्च से 23 मार्च, 2026 तक जिला मुख्यालय पर चूरू चौपाटी में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। इस मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी आई हुई महिलाओं द्वारा निर्मित हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं होम डेकोर से जुड़े अनेक आकर्षक उत्पादों एवं फूड कोर्ट लजीज व्यंजनों की 80 से अधिक स्टाल्स की प्रदर्शनी एवं बिक्री लगाई जाएगी। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि ओडीओपी प्रदर्शनी में एक जिला एक उत्पाद नीति अंतर्गत जिले में चयनित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। राजीविका डीपीएम व उद्योग महाप्रबंधक ने चूरू जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में भागीदारी कर प्रदर्शनी का अवलोकन करें और यहां उपलब्ध उत्पादों की खरीदारी कर इस आयोजन को सफ्ल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## राजगढ़ एसडीएम ने की सम्पूर्णता अभियान की समीक्षा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में सोमवार को राजगढ़ एसडीएम मनोज खेमादा ने राजगढ़ पंचायत समिति सभागार में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चल रहे सम्पूर्णता अभियान की समीक्षा की। एसडीएम ने चिकित्सा विभाग को एएनसी रजिस्ट्रेशन, टीबी केसों की सफलता दर और मधूमेह स्क्रीनिंग में सुधार करने, आईसीडीएस को आंगनबाड़ी केंद्रों पर अक्रियाशील शौचालयों में आवश्यक सुधार व आवश्यकतानुसार नए शौचालय निर्माण करने, शिक्षा विभाग को आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने व स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता और स्कूलों में बालिका नामांकन के अनुरूप बालिका शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पीएचईडी को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन पूर्ण करने, ग्रामीण विकास विभाग को पीएम आवास ग्रामीण की प्रगति बढ़ाने, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को सभी ग्राम पंचायतों पर इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता और इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ कृषिए कृषि विपणन, पशुपालन, स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित संकेतकों के लक्ष्य हासिल करने पर सराहना की । ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी किशन कुमार ने बताया कि नीति आयोग के चयनित 6 संकेतकों में से 3 संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर लिया गया और अन्य 3 की उपलब्धि भी 90 प्रतिशत से ऊपर है और निर्धारित समयावधि में सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत सफलता अर्जित करने की दिशा में सभी विभागों के समन्वय से प्रयास जारी है । इस दौरान तहसीलदार रामसिंह सैनी, तहसीलदार सिद्धमुख अनोपाराम, सीबीईओ डॉ सुमन जाखड़, उपनिदेशक पशुपालन डॉ मोहर सिंहए पीएचईडी एक्सईएन नरेंद्र कच्छावा, बीएसओ किशन यादव, बीएसएसओ चरण कमल, एईएन पंचायत समिति भागीरथ कटारिया, बीपीएम हेल्थ धर्मपाल मूंड, एबीएफनीति वसीम अहमद सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कालिका टीम ने अलग-अलग इलाकों से दबोचे तीन असामाजिक तत्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने कार्रवाई करते हुए राह चलती छात्राओं और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले तीन मनचलों को गिरफ्तार करवाया है । यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशों पर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर की गई । अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि कालिका यूनिट की टीम ने खोरा बीसल थाना इलाके में नीलकंठ कॉलोनी में स्कूल आती-जाती छात्राओं को परेशान करने वाले एक मनचले को सुशीला, सुनीता और शंकरलाल की टीम ने गिरफ्तार करवाया है । वहीं विद्याधर नगर में सीनक स्टार सिनेमा के पीछे बाजार में महिलाओं पर अभद्र कमेंट करने वाले युवक के खिलाफ मुकेश, ज्योति और जयवीर की टीम ने कार्रवाई की और झोटवाड़ा थाना के हाइपर सिटी मॉल में युवतियों से बदतमीजी और अभद्र टिप्पणी करने वाले असामाजिक तत्व को प्रेमलता, संजू, लक्ष्मी और ऋतु की टीम ने दबोचा । यह कार्रवाई निर्भया हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, पार्कों व मॉल्स में की जा रही विशेष निगरानी के दौरान हुई । कालिका यूनिट की टीमें शहर के पीजीए गर्ल्स हॉस्टल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे वस्त्रों और वर्दी में तैनात रहकर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही हैं ।

## यूडी टैक्स के नाम पर जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं : खाचरियावास

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर में यूडी टैक्स वसूली को लेकर राज्य सरकार और नगर निगम पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राइवेट कंपनी गलत नाम और बिना सही नाप के आधार पर नोटिस जारी कर मकान, दुकान व प्रतिष्ठानों को सीज कर रही है। खाचरियावास ने कहा कि कई लोगों ने यूडी टैक्स जमा करवा रखा है, फिर भी उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं और आधार पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। उन्होंने इसे गैरकानूनी बताते हुए कहा कि बिना सुनवाई का मौका दिए संपत्तियों को सीज करना और जबरन वसूली करना गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हाउस टैक्स समाप्त किया गया था, जबकि बाद में भाजपा सरकार के कार्यकाल में यूडी टैक्स लगाया गया। अब भाजपा सरकार के इशारे पर प्राइवेट कंपनी पूरे जयपुर में नोटिस जारी कर लोगों को परेशान कर रही है, जिससे व्यापारियों और नागरिकों में दहशत है। खाचरियावास ने कहा कि विभिन्न व्यापार मंडलों और नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर यूडी टैक्स वसूली में हो रही अनियमितताओं की शिकायत की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं रोकी गई तो कांग्रेस जयपुर में बड़ा आंदोलन करेगी और गलत नोटिस पाने वाले लोगों के साथ खड़ी रहेगी।

## ऑपरेशन करवा कर लौटे 21 मरीजों का किया सम्मान




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा 12 मार्च को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित 57वें आंखों में मोतियाबिंद एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर मे चयनित 21 मरीजों के ऑपरेशन के बाद जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस कार्य के लिए विशेष सहयोग दुर्गा प्रसाद गोयल और ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात वालों ने किया। इस मौके पर क्लब के सीताराम सैनी, ललित कुमार सैनी, श्रीराम कुमावत, अल्केश और सुभाष न्यारिया उपस्थित रहे।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चांदी की पायजेब बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 31 जनवरी को चाकसू कस्बे के वार्ड नंबर 15 स्थित सूर्य कॉलोनी में परिवादिया के घर में घुसकर आरोपी चेतन मीणा महिला को बहला-फुसलाकर चांदी की पायजेब चोरी कर ले गया था।

इस संबंध में 2 फरवरी को चाकसू थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम पर एक्सपर्ट्स ने डाला प्रकाश

**जयपुर ( नवयत्न )।** हैंडीक्राफ्ट एंड कारपेट स्किल काउंसिल एवं पोद्दार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सहयोग से सोमवार को नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम एनएपीएस पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से एक्सपर्ट ने पैनल डिस्कशन किया एवं एनएपीएस से जुडे विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र में हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं में डॉ. आनंद पोद्दार ने ऐसी पहल के लिए प्रोत्साहित किया जो शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ती है और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है। आयोजन के दौरान अनुराधा घोष द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षुता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना विषय पर पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। पैनलिस्टों में जीनियस इंजीनियरिंग कंपनी से राज कुमार, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से राजीव कुमार, हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद से प्रीति कश्यप, पोद्दार ट्रस्ट से अरविंद कुमार और एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड नीरज गुप्ता शामिल थे। चर्चा उद्योग कौशल अंतर को पाटने और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षुता को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। आयोजन में उद्योग प्रतिनिधियों और प्रशिक्षुओं की सफलता की कहानियां भी बताई गई। विशाल टेलर द्वारा एनएपीएस पंजीकरण पर एक लाइव प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें नियोक्ताओं और उम्मीदवारों के लिए नामांकन और प्रोत्साहन पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. रीमा सिंह ने किया।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 9 सिलेंडर जब्त

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** मध्य-पूर्व संकट के मद्देनजर एलपीजी आपूर्ति में संभावित व्यवधान और कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग के खिलाफजिला रसद कार्यालय की टीम ने सोमवार को कार्रवाई की। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों की पालना में गठित टीम के सदस्य प्रवर्तन अधिकारी विकास महला व प्रवर्तन अधिकारी रामावतार भैड़ा ने जिले के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के मामलों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उदयपुरवाटी तहसील क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। टीम ने शाकम्भरी गेट के पास स्थित श्री कृष्णा रेस्टोरेंट के मालिक जगदीश पुत्र नंदलाल के यहां से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इसी प्रकार होटल तंवर से 2 तथा होटल कृष्णा एंड रेस्टोरेंट जयपुर रोड से 3 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग में लेते हुए पाए गए। सभी सिलेंडरों को जब्त कर एचपी गैस सर्विस, उदयपुरवाटी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। जिला रसद कार्यालय की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस आर्डर 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग, अवैध भंडारण और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## यूपीएससी में 39वीं रैंक हासिल करने वाले जाखड़ का किया सम्मान

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला कलेक्टर डॉण् अरुण गर्ग ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम 2025 में 39वीं रैंक हासिल करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवा रोहिन जाखड़ को सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने रोहिन जाखड़ को माला पहनाकर एवं साफा बांधकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि रोहिन जाखड़ की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सफलता से जिले के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए सदैव आमजन के हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए और जरूरतमंद तथा समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, जिला कोषाधिकारी डॉ. सतीश खेदड़, एपीआरो विकास चाहर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही रोहिन जाखड़ के पिता जयपाल जाखड़ माता प्रमोद देवी, छैलूराम खेदड़, रामेश्वर बाटड़, प्रीतम भी मौजूद रहे।

## राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत राजस्थान युवा शक्ति दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजे सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण सूचना केंद्र सभागार में किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में पदस्थापित नवनियुक्त कार्मिक भाग लेंगे।

## कार्यक्रम आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार, 17 मार्च को सवेरे 10:30 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाऊन हॉल में श्राजस्थान को जानें डिजीटल क्विज प्रतियोगिता और राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि टाऊन हॉल में राजस्थान को जानें डिजिटल का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ जिला स्तरीय युवा सम्मेलन कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 कार्यक्रम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहेगा।

## शिविर आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए मंगलवार, 17 मार्च, 2026 को सवेरे 9:30 बजे चूरू जिला मुख्यालय पर रतनगढ़ रोड पंखा सर्किल पर अंबुजा फाउंडेशन स्किल सेंटर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में राज्य के 10 वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआईए पॉलीटेक्निक, बीटेक आदि तकनीकी योग्यता प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को मुथूट फाइनेंस, टीआर साहनी मोटर्स प्रालि., सीआईआई एमसीसीए यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंश प्रालि, पैसिफिक सोलर कंपनी चूरू, महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान राजगढ़, ब्लिंकिट ई कॉमर्स हर्षित एयरकॉन व मदरसन भिवाड़ी, इनोविजन लिमिटेड, एनएसएसएसस सिक्योरिटीज प्रा. लि. इत्यादि निजी क्षेत्र कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 500 रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक, फोटोयुक्त पहचान पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये आशार्थी जिला रोजगार कार्यालय, चूरू में सम्पर्क किया जा सकता है।

## तोड़ी सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। कॉमरेड जगदीश नाथ ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर वार्ड नं. 5 में दीप बाल मंदिर स्कूल के आस-पास आपणी योजना की पाईप लाईड डालने के लिए तोड़ी गई सड़कों को सही करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सड़कों पर आवागमन करने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इन सड़कों को तोड़ने वाले लोगों से वापस पैच वर्क करवाये जाकर जनता को राहत प्रदान की जावे।

# ब्राह्मण समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार शाम होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। होली स्नेह मिलन समारोह के पहले चरण में चुटकुलों, भजनों की जोरदार प्रस्तुतियां हुई वहीं वीर रस की कविता से श्रोता रोमांचित हो गए। वहीं दूसरे चरण में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा हुई, वहीं हाल ही में बनी दो महिला मजिस्ट्रेट का सम्मान किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक वैध शंभू दयाल शर्मा, उपाध्यक्ष दौलत खेस्तिका, रामजीलाल वैध, गोविंद शर्मा ने हास्य चुटकुले पेश किए। जिस पर दर्शक हंस हंस के लोटपोट हो गए वही गजानन जोशी, रामगोपाल बिंवाल, राजेश शर्मा ने भजनों के प्रस्तुति दी जिस पर उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि की। पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने हां हम ब्रह्मा अंशज है हम परशुराम के वंशज है वीर रस की कविता का काव्य पाठ किया जिससे उपस्थित लोग जोश में परशुराम के जयकारे लगाने लगे। उसके पश्चात दूसरे चरण में अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ ने अपने कार्यकाल के अब तक के कार्य की जानकारी दी तथा आगामी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। तत्पश्चात हाल ही में बनी दो महिला मजिस्ट्रेट का समाज की ओर से दुपट्टा माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी प्रमोद शर्मा थे। इस मौके पर संरक्षक प्रदीप शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महासभा के उपाध्यक्ष संजय डाकवाला, फूलचंद कौशिक, सचिव विष्णु गंगावत, कोषाध्यक्ष मंगल डाकवाला, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष कन्हैया वकील, महामंत्री रवि शर्मा, संजय बिंवाल, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश भातरा, राकेश शर्मा, सुमंत पारीक, महावीर जोशी, नितिन त्रिपाठी, सोनू जोशी, गिरिराज माटोलिया, मंजू लता शर्मा, अनु शर्मा सहित अनेक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## डाक जीवन बीमा योजना पर शिविर आयोजित



निसं

**कांवट (नवयत्न)।** अधीक्षक डाकघर सीकर के निर्देशानुसार दिनांक 16 मार्च 2026 सोमवार को डाकघर थोई के ग्राम शाखा सिहोडी में डाक जीवन बीमा के लिए शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम के सरपंच सुन्दर लाल भांवरिया के सहयोग कर ग्रामीणों को मोटिवेट कर बीमा करवाने में सहयोग किया। इस अवसर पर शाखा डाकपाल बंटी यादव के साथ साथ नजदीकी शाखा डाकघरों के शाखा डाकपाल जितेंद्र कुमार रूपपुरा, सुनील कुमार करड़का तथा भावना गढ़भोपजी भी उपस्थित थे। जिसमें सिहोडी शाखा से 7 प्रस्ताव प्रीमियम 126115 व रूपपुरा 1 प्रस्ताव प्रीमियम 63350 तथा करड़का 3 प्रस्ताव प्रीमियम 51670 कुल 11 प्रस्ताव प्राप्त किए गए और 241135 का प्रथम प्रीमियम प्राप्त किया गया। शिविर का कल भी लगभग 50000 का प्रीमियम और प्राप्त होगा। मैल ओसियर डीपी सैनी ने बताया कि डाक विभाग की योजनाओं के बारे में लक्ष्मीकांत बंसल एवं दुलीचंद जाखड़ ने ग्रामीणों को बीमा योजनाओं से अवगत करवाया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** करणी विहार थाना इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर हेड कॉस्टेबल राधे श्याम ने एम्बुलेंस की सहायत से युवक को अचेत हालत में सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा इमरजेंसी में भर्ती कराया। उपचार दौरान घायल युवक ने शाम साढ़े पांच बजे दम तोड़ दिया। पुलिस ने आसपास के कई लोगों से पूछताछ कर मृतक के परिजनों की तलाश के प्रयास किए। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस शव को मुर्दाघर के डी फ्रिज में रखवा कर परिजनों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया की मृतक का रंग सांवला और सिर पर काले बाल है, व चेहरे पर दाढी है। जिसकी उम्र लगभग 50 साल और कद 5 फीट है। शरीद दुबला पतला है और मृतक ने काले रंग का पजामा व लाइनदार रंगीन टी-शर्ट व हरे रंग की अंडरवीयर पहन रखी है।

## सुरक्षा सखी पखवाड़ा मनाया

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में अजीतगढ़ पीजी कॉलेज में पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय के मुख्य आतिथ्य व थानाधिकारी विजय सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा सखी पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य अतिथि डीवाईएसपी निर्भय ने महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सखी व छात्राओं को राजकोप सिटिजन ऐप के उपयोग के बारे में बताया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, आत्म सुरक्षा के उपाय अपनाने तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। थानाधिकारी विजय सिंह ने महिलाओं को महिला डेस्क, ऑपरेशन गरिमा, ऑपरेशन लाडली, सुरक्षा सखी अभियान तथा ऑपरेशन जागृति के बारे में भी अवगत कराया तथा बताया गया कि इन अभियानों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार कार्य कर रही है। श्रीमाधोपुर थाने के सब इंस्पेक्टर सुभाष शर्मा ने आपातकालीन नंबर आमजन को नोट करवाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन, गुड टच-बैड टच तथा पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देकर बाल सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज निदेशक विजय यादव, सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, ब्लॉक संयोजक शंकरलाल शर्मा, क्षेत्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश शर्मा, जीव सेवा समिति के अध्यक्ष महेश दीवान, धर्मा सैन, डब्बू सिंह सहित अजीतगढ़, थोई, श्रीमाधोपुर थाने की महिला सुरक्षा सखियां उपस्थित रही।

मंच संचालन शंकरलाल शर्मा ने किया।

## श्रद्धा विश्वास भक्ति प्रेम से प्रभु की प्राप्ति : चंद्रप्रकाश शास्त्री

निसं



**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** श्री बालाजी महाराज मंदिर चक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में सोमवार को द्वितीय दिवस की कथा हुई। आयोजन समिति सदस्य रमेश बुरड़क ने बताया कि आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री व रवि शास्त्री के सानिध्य में प्रात: पूजन अर्चन किया गया। राजस्थान के सुप्रसि अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री खाचरियावास ने द्वितीय दिवस की श्रीमद् भागवत कथा में आत्मदेव, सुखदेव जन्म, कौरव पांडव का युद्ध, सती प्रसंग, शिव-विवाह की सुंदर कथा का रसपान करवाया। गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर किया। जसवंतगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भीष्म पितामह एवं शिव विवाह की सुंदर झांकी सजाई गई। कथावाचक शास्त्री ने बताया कि श्रद्धाए विश्वास, भक्ति व प्रेम से ही प्रभु की प्राप्ति होती हैं। भगवान केवल भगत का भाव देखता हैं। सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कानाराम बुरड़क, बजरंग लाल बुरड़क, अशोक बुरड़क, कमलेश ऐचरा, रविंद्र जोशी, मुरारी लाल पारीक, गिरधारी लाल, बी एल वर्मा, गोपाल बगड़िया, रामलाल महला, जितेंद्र कुमार, अजय वर्मा, डॉ बृजेश शेषमा, श्रवण दादरवाल, हरदेव खद्दा सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलीए चक, उमाड़ा, गोपीनाथपुरा, रामनगर, खाचरियावास, करड व आसपास के क्षेत्र से अनेक भक्तजनों ने आयोजन में भाग लिया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज व जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा सोमवार को बोन मैरो डेंसिटी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक डॉ माधव सिंह ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचान, फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। यह शिविर हर महीने में दो बार आयोजित किया जाता है। शिविर में वाहिद खोखर, राजकुमार बिजारणियां, दीपक जाटावत, गोकुल शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, बंटी शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सीकर रोड स्थित वीकेआई एरिया में मणिपाल हॉस्पिटल एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के साथ-साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया तथा स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं दंत रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमडी और ईसीजी की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी आगंतुकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पूर्व सांसद सुमेधानंद ने क रेल मंत्री व उपभोक्ता मामले मंत्री से मुलाकात

**सीकर (नवयत्न)।** पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सोमवार को नई दिल्ली प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री व नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने रेल मंत्री वैष्णव से सीकर संसदीय क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। वहीं केंद्रीय मंत्री जोशी से सीकर संसदीय क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय मंत्रियों ने पूर्व सांसद को आश्वस्त किया कि सीकर संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए वे हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।


## नाम परिवर्तन

मैं इमरान पुत्र मोहम्मद मुमताज निवासी वार्ड नं. 22 खोखर कॉलोनी झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू राज. मैंने मेरा नाम इमरान से बदलकर इमरान खान रख लिया है भविष्य में मुझे इमरान खान के नाम से जाना व पहचाना जावें।

## कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0

क्रमांक:न0पा0नीम0 / 2025–26 / 5342 दिनांक: 12.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि वर्ष 2026–27 में नगरपालिका, नीमकाथाना द्वारा नगरपालिका नीमकाथाना के क्षेत्र में राजस्व साझेदारी व सेंट्रल पोल डिवाइडर पर पोल कियोस्क लगाकर विज्ञापन करने के कार्य की निविदा आमंत्रित की जाएगी जो कि दिनांक 18.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं दिनांक 18.03.2026 को दोपहर 03.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस को दोपहर बाद 04.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथि को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय / प्राप्त / खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 12.03.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की NIB code DLB2526B2868 यूबीएन DLB2526WSOB38279 हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना

राज.संवाद / सी / 25 / 22507

## कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति-झुन्झुनूं

क्रमांक:- 249 दिनांक:- 12/03/2026

**खुली बोली निविदा/बीड सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्न कार्यों की दरें निर्धारित करने हेतु अधिकृत /पंजिकृत विक्रेताओं/फर्मों/ठेकेदारों से कार्य के सामने अंकित तिथि अनुसार मोहरबन्द निविदाएं आंमत्रित की जाती है। निविदाएं निर्धारित दिनांक/समय पर कार्यालय पंचायत समिति झुन्झुनूं में जमा करवाई जा सकती है। प्राप्त निविदाएं निर्धारित दिनांक/समय पर निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र.सं | नाम ग्राम पंचायत | अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | अमानत राशि | बीड प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय | बीड प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बीड प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | बीड प्रपत्र प्राप्त व जमा कराने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मैन विद मशीन ZJU2526SSOB01431 | 6.00 | 12000 | 18.03.2026 05:00 PM | 19.03.2026 11:00 AM | 19.03.2026 02:00 PM | पंचायत समिति झुन्झुनू |
| 2 | वाहन चालक ZJU2526SSOB01433 | 1.50 | 3000 | 18.03.2026 05:00 PM | 19.03.2026 11:00 AM | 19.03.2026 02:00 PM | पंचायत समिति झुन्झुनू |
| 3 | सुरक्षा गार्ड ZJU2526SSOB01432 | 1.30 | 2600 | 18.03.2026 05:00 PM | 19.03.2026 11:00 AM | 19.03.2026 02:00 PM | पंचायत समिति झुन्झुनू |

निविदा प्रपत्र व शर्ते कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर क्रय किया जा सकता है। निविदा हेतु अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत बोली प्रतिभूति की राशि जमा करवानी होगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार क्रय सामिति का होगा। निविदा/बीड को राज्य लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते है।

NIB No :- ZJU2526A0849

विकास अधिकारी
पंचायत समिति झुन्झुनूं

## 19 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ : पालकी पर सवार होकर आएगी माता रानी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च हिन्दू नववर्ष से होगा और इसका समापन 27 मार्च को होगा। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। हालांकि, ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस बार माता रानी पालकी पर सवार होकर आएगी और हाथी पर उनकी विदाई होगी। हाथी पर विदाई होने अपने-आप में एक शुभ सकेंत है। जिसे शास्त्रों में एक विशेष संकेत माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि में माता दुर्गा किस वाहन पर सवार होकर धरती पर आती हैं और किस वाहन से विदा होती हैं, इसका देश दुनिया और प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिषचार्य बनवरी लाल शर्मा ने बताया की वर्ष-2026 की चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन पालकी डोली पर होगा। शास्त्रों में माता का पालकी पर आना बहुत शुभ नहीं माना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से इसे प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उथल-पुथल का सूचक माना गया है। पालकी पर आगमन के संभावित प्रभाव हो सकते हैं। बताया जा रहा है की जब मां पालकी पर आती हैं, तो प्रकृति में अचानक बदलाव देखे जा सकते हैं। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि या तेज आंधी-तूफान आने की संभावना बनी रहती है, जिससे फसलों को नुकसान हो सकता है। इसके साथ देश और समाज में भी वैचारिक मतभेद भी बढ़ सकते है। राजनीतिक क्षेत्र में उथल-पुथल या बड़े बदलाव के संकेत मिलते हैं। इसी के साथ स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। इस दौरान मौसमी बीमारियों, संकमण और बुखार जैसी समस्याओं में वृद्धि हो सकती है। बताया जा रहा है की इस बार माता रानी पालकी पर सवार होकर आ रहीं है और उसकी विदाई हाथी पर होगी। हाथी पर माता रानी का प्रस्थान बेहद शुभ माना जाता है। यह सुख, समृद्धि और अच्छी वर्षा का प्रतीक है। आगमन के नकारात्मक प्रभावों को माता की हाथी पर विदाई काफी हद तक संतुलित कर देती है, जिससे अंततः समाज में खुशहाली लौटती है। शर्मा ने बताया की पालकी पर माता रानी के आगमन से घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि भक्त सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ मां की आराधना करें, तो हर संकट टल सकता है। नवरात्रि के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ करना और नौ दिनों का उपवास रखना अत्यंत फलदायी होता है। इससे न केवल घर में शांति और समृद्धि आती है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा का नाश भी होता है। चैत्र नवरात्रि आस्था, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है। बताया जा रहा है की 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि की सभी मंदिरों में तैयारियों शुरु हो चुकी है। जिसमें माता रानी की पोशाक और प्रतिदिन चढाने वाले प्रसाद और घट स्थापना के बारे में रणनीति तैयारी की जा चुकी है।

## खाद्य व्यापारियों व फूड हैंडलर्स के लिए होगा फॉस्टेग प्रशिक्षण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जयपुर प्रथम क्षेत्र में खाद्य व्यापारियों व फूड हैंडलर्स के लिए फॉस्टेग प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण 17 मार्च को दो स्थानों पर दो-दो बैच में आयोजित होगा। प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। पहला प्रशिक्षण शास्त्री नगर स्थित दूध मंडी के सामुदायिक केंद्र में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तथा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगा। इसी तरह दूसरा प्रशिक्षण मोती डूंगरी रोड स्थित पतासे वालों की बगीची में इसी समय पर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में मिठाई विक्रेता, होटल-रेस्टोरेंट संचालक, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड-डे मील कुक, राजीविका समूह के सदस्य, डेयरी संचालक, किराना व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता और स्ट्रीट वेंडर्स सहित खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें सुरक्षित खाद्य निर्माण और री-यूज्ड कुकिंग ऑयल के नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

## राजस्थान दिवस सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय तारानगर में राजस्थान दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित राजस्थान केंद्रित विषय पर निबंध,, भाषण और चित्रकारी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही राजस्थान को जाने विषय पर डिजिटल प्रश्नोत्तरी पंजीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं कर्मचारियों ने राज्य सरकार की ओर से जारी लिंक के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर मोहनलाल ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में राधिका शर्मा प्रथम और एकता शर्मा द्वितीय, चित्रकारी प्रतियोगिता में योगिता प्रथम और राधिका द्वितीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य हीरालाल ने छात्राओं को राजस्थान के इतिहास, कला, संस्कृति, जलवायु, गौरवशाली परंपरा आदि महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ सुनीत मिल, डॉ अमिता खींची, रेखा नेहरा, लियाकत अली आदि उपस्थित रहे।

# बीकेबीआईईटी में खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव बसंत-2026 का आगाज

निसं



**पिलानी ( नवयत्न )।** बीके बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बसंत-2026 का भव्य उद्घाटन रविवार की शाम को हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिट्स पिलानी के डीन (फैकल्टी अफेयर्स) प्रो. अंशुमन दल्वी, संस्थान निदेशक प्रो. बी.के. राउत, के.के. पारीक, बीकेबीआईईटी प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, बीकेबीआईएचई प्राचार्य डॉ विपिन कुमार तथा बीटीटीआई प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना से हुआ। अपने संबोधन में संस्थान निदेशक प्रो. बी.के. राउत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि ये उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय और समकालीन नृत्य, संगीत प्रस्तुतियां तथा रैंप वॉक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में रवि राज सिंह फ्रेंच भाषा शिक्षक, बीईटी ग्रुप, ईशा शर्मा सचिव, खेल, झुंझुनू जिला, ज्योत्सना शर्मा सहायक प्रोफेसर, बीकेबीआईएचई, डॉ सरस्वती कुमारी ओला, रश्मी सोनी पार्षद, विद्या विहार नगरपालिका तथा मधुर बोरान बीकेबीआईईटी के पूर्व छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम प्रभारी अनुपमा शर्मा ने बताया कि दिनभर चलने वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न खेल एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इनमें अंडरआर्म क्रिकेट, रंगोली, बैडमिंटन, लेमन रेस, मेहंदी प्रतियोगिता, मार्वल क्विज, बसंत गॉट टैलेंट, डेडलिफ्ट, कुश्ती, फ्री फायर, ट्रेजर हंट तथा शतरंज जैसी गतिविधियां शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों और कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी केशव खंडेलवाल ने दी।

## अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बिना वैद्य परमिशन के व्यावसायिक निर्माण का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को शिकायत करके मामले में कार्यवाही की मांग की गई है। इस बारे में लाडनू रोड़ निवासी राशिद अहमद द्वारा उपखंड अधिकारी को शिकायत कर बताया गया कि लाडनू रोड़ पर सद्दाम दहिया द्वारा बिना भू उपयोग परिवर्तन किए और बिना नगरपरिषद की परमिशन के ही अवैध रूप से यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा है।

मामले में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने नगरपरिषद आयुक्त को लिखा और उसके बाद मौके पर कर्मचारियो को भेजकर निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया है। नगरपरिषद के एस आई मुन्नालाल मीणा ने बताया कि मौके पर कर्मचारियों को भेजकर कार्य बंद करवाया गया है।

## जयपुर की उद्यमी डॉ. श्वेता चौधरी को फ्यूचर शेपर 2026 सम्मान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर की प्रख्यात उद्यमी एवं इनोवहर तथा कोड एजु की संस्थापक डॉ. श्वेता चौधरी को नई दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी में आयोजित योरस्टोरी शी-स्पार्क्स सम्मेलन 2026 में फ्यूचर शेपर 2026 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन योरस्टोरी द्वारा आयोजित किया गया तथा इसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग डीपीआईआईटी का सहयोग प्राप्त था। यह सम्मान देशभर की उन महिला नेतृत्व कर्ताओं को दिया जाता है जो उद्यमिता, नवाचार और सामाजिक प्रभाव के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार दे रही हैं। इस वर्ष देश के विभिन्न क्षेत्रों से 15 विशिष्ट महिलाओं को इस मंच पर सम्मानित किया गया। डॉ. श्वेता चौधरी को विशेष रूप से जयपुर जैसे द्वितीय श्रेणी के शहर से नवाचार आधारित उद्यमिता तंत्र विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया। अपने उपक्रम इनोवहर, जो एक उद्यम स्टूडियो और स्टार्ट-अप संवर्धन मंच है, तथा कोड एजु, जो रचनात्मकता, बौद्धिक विकास और भविष्य के कौशलों पर केंद्रित एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण मंच है, के माध्यम से वे छात्रों, संस्थानों, नव उद्यमियों और निवेशकों को एक साथ जोड़ने का कार्य कर रही हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. श्वेता चौधरी ने कहा एक समय था जब महिलाओं को मुख्य रूप से उत्पादन और मनोरंजन के संदर्भ में देखा जाता था। उसके बाद एक ऐसा दौर आया जब महिलाओं को अपनी क्षमता और दृढ़ता सिद्ध करनी पड़ी। आज हम सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ महिला और जुनून एक-दूसरे के पर्याय बनते जा रहे हैं। अब महिलाएं अपनी पहचान किसी से मांग नहीं रहीं, बल्कि स्वयं अपनी पहचान गढ़ रही हैं। डॉ. चौधरी ने आगे कहा कि प्रायः स्टार्ट-अप और नवाचार की चर्चा मुंबई या बेंगलुरु जैसे शहरों तक सीमित दिखाई देती है, किंतु जयपुर जैसे शहर भी सशक्त नवाचार तंत्र विकसित कर सकते हैं।

## रक्तदान शिविर कल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के निकटवर्ती गाँव ढाणी छतुसिँह निवासी स्वर्गीय योगेंद्रसिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पिता प्रतापसिंह राठौड़ के सौजन्य से कस्बे के एमके मल्टीस्पेशलिस्ट क्लिनिक में 18 मार्च को सुबह 8 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने सभी से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की है।

# सामुदायिक भवन को प्रशासन के संरक्षण में लेने की मांग, सौंपा ज्ञापन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नया बास के कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी के मार्फत भेजकर सामुदायिक भवन को प्रशासन के संरक्षण में लिए जाने या मोहल्ले के लोगों की कमेटी का गठन करके सुपुर्द किए जाने की मांग की है।

नया बास के लोगों ने पार्षद तनसुख प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय में नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपकर बताया गया लगातार तीसरा ज्ञापन हम लोग सौंप रहे हैं, उसके बावजूद भी व्यक्ति विशेष के कब्जे से नया बास स्थित सामुदायिक भवन को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं करवाया गया है और न ही सामुदायिक भवन को खाली करवाया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिव शक्ति मंदिर परिसर पर तत्कालीन विधायक रामेश्वरलाल भाटी के कार्यकाल में सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया गया था, जिसकी चाबी घर नजदीक होने के कारण मोहल्ले के लोग महावीर पोसवाल के घर पर रखते थे।

लेकिन उसने इस सामुदायिक भवन में अपने निजी संस्थान का कार्यालय खोल लिया और वो अपना हक इस सामुदायिक भवन पर जताने लगा। इस अवैध कब्जे के कारण मंदिर की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसलिए इस परिसर से व्यक्तिगत कब्जे को खाली करवाकर सामुदायिक भवन को या तो प्रशासन अपने संरक्षण में ले या फिर मोहल्ले के लोगों की कमेटी का गठन करके सामुदायिक भवन के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जावे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार, रविन्द्र पाण्डे, सुरेंद्रसिंह, सांवतसिंह, सांवरमल, भागीरथ, गणपत, गोपालराम, प्रहलाद, पूसादास, विमल कुमार, सुरेश, अरविंद, रामरतन, राकेश सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं।



## माली सैनी महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** माली सैनी महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मानसरोवर स्थित राधे रानी मैरिज गार्डन में प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता शुल्क और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश भर से समाजबंधु शामिल हुए और समाज के विकास व सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने, आरक्षण आंदोलन से जुड़े मुकदमों को वापस लेने की मांग करने तथा 11 अप्रैल को महात्मा फुले जयंती को जोर-शोर से मनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा महासभा का स्थायी कार्यालय नहीं होने पर सरकार से भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई गई। बैठक में ओम राजोरिया, कैलाश राज सैनी, इन्द्रराज सैनी, लालचंद सैनी, बाबूलाल रजवास, योगेश तंवर, रोशन सैनी, गुलाब इंदौरा, अमित सैनी, सागर मावर, हजारीलाल सैनी, गुड्डू सैनी, देवकीनंदन सैनी, ग्यारसीलाल सैनी, सीएल सैनी, चंदालाल सैनी, बाबूलाल सैनी और संजय सैनी सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

## जवाहर कला केंद्र में ऐतिहासिक अभिलेखों की होगी प्रदर्शनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर की ओर से राजपूताना की रियासतों के ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक महत्व के बहुमूल्य अभिलेख विषय पर विशेष प्रदर्शनी 17 से 19 मार्च तक जवाहर कला केंद्र में आयोजित की जाएगी। कला एवं संस्कृति विभाग की उप सचिव डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन मंगलवार को दोपहर 12315 बजे मुख्य सचिव वी श्रीनिवास करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति प्रवीण गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। प्रदर्शनी में राजपूताना की विभिन्न रियासतों से जुड़े ऐतिहासिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक महत्व के दुर्लभ अभिलेखों व दस्तावेजों का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक और प्रशासनिक परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। शोधार्थियों, इतिहासकारों, विद्यार्थियों और आमजन को इन अभिलेखों के अध्ययन व अवलोकन का अवसर मिलेगा। अभिलेखागार की ओर से लोगों से प्रदर्शनी में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर से परिचित होने का आग्रह किया गया है।

## 9-14 वर्ष की बच्चियों के लिए एचपीवी वैक्सीन जरूरी : गुर्जर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नेशनल इम्यूनाइजेशन डे के अवसर पर नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और आरएच हेल्थ केयर सिमुलेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सिमुलेशन आधारित राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में हुआ, जिसमें देश-विदेश के हजारों नर्सिंग कर्मी, शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लेकर टीकाकरण से जुड़ी नवीनतम जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि महिलाओं में बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से देश में टीकाकरण कार्यक्रमों को नई गति मिली है और निःशुल्क वैक्सीनेशन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे हर वर्ष करीब 1:15 करोड़ बच्चियों को इस बीमारी से बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश शर्मा एवं डॉ. शशिकांत शर्मा मौजूद रहे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुम्भज और आरएच हेल्थ केयर सिमुलेशन सेंटर के सीईओ राहुल शर्मा ने बताया कि वर्कशॉप का उद्देश्य नर्सिंग कर्मियों को आधुनिक व सुरक्षित टीकाकरण प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण देना है। वर्कशॉप में इम्यूनाइजेशन के माइलस्टोन, कोल्ड चेन मैनेजमेंट, राष्ट्रीय टीकाकरण शेड्यूल और एचपीवी वैक्सीनेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

# चैत्र नवरात्र है शक्ति साधना, राम जन्मोत्सव और अंक ज्योतिष का अद्भुत संयोग : नामदेव

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भारत की सनातन संस्कृति में चैत्र नवरात्र को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्र का शुभारंभ होता है और नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र के ये दिन आध्यात्मिक साधना, शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि के लिए सर्वोत्तम माने जाते हैं। अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि चैत्र नवरात्र के साथ ही हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होती है। प्रकृति में इस समय नया जीवन दिखाई देता है। पेड़ों में नई कोंपलें निकलती हैं, वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है और मन में भी नई उम्मीदों का जन्म होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि चैत्र नवरात्र का समय देवी शक्ति की आराधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इन दिनों में व्रत, जप, तप और साधना करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और ग्रहों से उत्पन्न कई प्रकार की बाधाएं भी कम हो जाती हैं। नवरात्र के नौ दिनों में माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। जिनमे क्रमशः माता शैलपुत्री, माता ब्रह्मचारिणी, माता चंद्रघंटा, माता कुष्मांडा, माता स्कंदमाता, माता कात्यायनी, माता कालरात्रि, माता महागौरी, माता सिद्धिदात्री स्वरूपों की पूजा करने से जीवन में शक्ति, ज्ञान, समृद्धि और सफलता की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार नवरात्र के दिनों में की गई पूजा.अर्चना और साधना का फल कई गुना अधिक मिलता है। इन दिनों में देवी मंत्रों का जाप, कन्या पूजन और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

### अंक ज्योतिष में नवरात्र का है विशेष महत्व

नवरात्र का संबंध अंक ज्योतिष से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। अंक ज्योतिष में संख्या 9 को पूर्णता, शक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र भी नौ दिनों तक चलता है, इसलिए इसका विशेष महत्व माना जाता है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि अंक ज्योतिष के अनुसार संख्या 9 साहस, धर्म, त्याग और विजय का प्रतीक है। इसलिए नवरात्र के नौ दिनों में देवी की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने की संभावना बढ़ जाती है। वर्ष 2026 का अंक ज्योतिषीय योग भी विशेष माना जा रहा है। यदि 2026 के अंकों को जोड़ा जाए (2+0+2+6=10 और 1+0=1) तो इसका मूलांक 1 बनता है, जो सूर्य का अंक माना जाता है। सूर्य शक्ति, नेतृत्व और नई शुरुआत का प्रतीक है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार 2026 में चैत्र नवरात्र का पर्व लोगों के जीवन में नई शुरुआत, आत्मविश्वास और ऊर्जा लेकर आने वाला माना जा सकता है। यह समय नए कार्यों की शुरुआतए संकल्प और आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत शुभ हो सकता है।

### रामनवमीः मर्यादा पुरुषोतम का जन्मोत्सव

नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। यह भगवान श्रीराम के जन्म का पावन दिवस है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में धर्म, सत्य और आदर्शों का पालन किया। रामनवमी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामचरितमानस का पाठ, भजन-कीर्तन और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। श्रद्धालु भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि भगवान राम का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, हमें सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार नवरात्र के दौरान कुछ सरल उपाय करने से जीवन में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। जैसे प्रतिदिन माता दुर्गा के मंत्रों का जाप करें। जरूरतमंद लोगों को भोजन और वस्त्र दान करें। कन्या पूजन कर उनका आशीर्वाद लें।

घर में सुबह-शाम दीपक जलाकर माता का स्मरण करें। इन उपायों से व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आने की संभावना बढ़ जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190